हरिभूमि

रायपुर भूमि

मंगलवार को अमरकंटक, ऊधमपुर और छपरा एक्सप्रेस रायपुर के बजाय दुर्ग से गोंदिया के रास्ते हुई रवाना

सुबह 11 बजे मालगाड़ी पटरी से उतरने के कारण हजारों यात्रियों को हुई दिक्कत



# हादसे के बाद सफर से चार घंटे पहले बदला 7 ट्रेनों का मार्ग, दुर्ग से ट्रेन पकड़ने लगानी पड़ी दौड़

**हरिभूमि न्यूज/रायपुर।** भारतीय रेलवे में कन्फर्म टिकट मिलने के बाद भी किसी भी वक्त आपकी ट्रेन रद्द हो सकती है। इसके लिए खुद को मानसिक रूप से तैयार रहें। रेलवे के भरोसे ट्रेन में सफर करने का मतलब अब खुद की परेशानी को बढ़ाना है। ट्रेन रद्द और पटरी से गाड़ियों के उतरने की घटना अब आम हो चुकी है.., यह कहना है उन यात्रियों का जिन्हें मंगलवार को दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस के साथ-साथ अमरकंटक, ऊधमपुर ▶▶|शेष पेज 13 पर



## अंबिकापुर एक्सप्रेस के 1200 यात्री हुए परेशान

रायपुर से अंबिकापुर के लिए दिन में केवल 1 ट्रेन की सुविधा है। इस ट्रेन के स्लीपर कोच में अक्सर वेटिंग 60 से 100 के बीच होता है। जब 2 बजे यात्रियों को सूचना मिली कि ट्रेन रद्द हो चुकी है, तो यात्रियों ने सिर पकड़ लिया, क्योंकि अंबिकापुर जाने के लिए रायपुर से दूसरी ट्रेन की सुविधा ही नहीं है। अंबिकापुर एक्सप्रेस में दुर्ग से अंबिकापुर तक रोजाना 1200 से अधिक यात्री सफर करते हैं, लेकिन ट्रेन के रद्द होने से इन यात्रियों को बस में भी जगह नहीं मिली। अंत में यात्रियों को अपने घर लौटना पड़ा।

### लगाया हेल्प डेस्क

आपातकालीन स्थिति में यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की सुविधा का ख्याल रखा जाए। उन्हें ट्रेनों में उनकी निर्धारित सीटों पर बैठाकर गंतव्य के लिए सकुशल रवाना किया जाए। यात्रियों की मदद करने रेल मंडल में रायपुर, दुर्ग, भाटापारा तिल्दा नेवरा स्टेशनों पर हेल्प डेस्क लगाया गया। हावड़ा- पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस टाटा इतवारी पैसेंजर से यात्रियों को दुर्ग स्टेशन तक पहुंचाया गया। रेलवे ने बुजुर्ग यात्रियों, महिला यात्रियों, बीमार यात्रियों को उनकी ट्रेनों में बैठने के लिए सहायक (कुलियों) सफाई कर्मचारियों, आउटसोर्सिंग स्टाफ को लगाया।

## खबर संक्षेप



### चाकू लेकर घूमते दो बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** पंडरी पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर चाकू लेकर घूमते दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक युवक मनराज दास वैष्णव निवासी मेन रोड लक्ष्मी नगर मोवा का है। मनराज इस इलाके में अपनी पेंट की जेब में चाकू लेकर घूम रहा था, जिसे मौके पर गिरफ्तार किया। इसी प्रकार दूसरा आरोपी लोकेश वैष्णव मस्जिद मोहल्ला मोवा पुरानी बस्ती का है। उसे लक्ष्मीनगर मोवा के पास चाकू के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध धारा-25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### फरार वारंटी बदमाश धरा गया

**रायपुर।** गंज पुलिस ने फरार वारंटी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी अभिषेक सोना गंज मंडी का निवासी है। पुलिस ने मंगलवार को गंज स्थित देशी शराब दुकान के पास से उसे पकड़ा। उसके विरुद्ध वर्ष 2018 में धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई थी। इसके तहत उसे न्यायालय में पेश होना था, लेकिन पेशी के दिन ही वह फरार हो गया। इसके बाद से वह फरारी काट रहा था। कोर्ट ने उसके विरुद्ध वारंट भी जारी किया था। गिरफ्तारी के बाद अब आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



### कार का कांच तोड़कर डेढ़ लाख की चोरी

**रायपुर।** कार का कांच तोड़कर उसमें रखे करीब डेढ़ लाख रुपए से भरा बैग चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना 26 नवंबर के तड़के 3 बजे से सुबह 8.30 बजे के बीच की है। प्रार्थी प्रवीण कुमार श्रीवास जशपुर का रहने वाला है। किसी काम से वह कार से रायपुर आया था। यहां पचपेड़ीनाका के पास रामकृष्ण हास्पिटल के पास वह धैर्य होटल के पास अपनी कार को पार्क किया था। इस दौरान कोई अज्ञात चोर उसकी कार का कांच तोड़कर उसमें रखा बैग चोरी कर ले गया। इस बैग में नकद 1 लाख 47 हजार रुपए थे। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है।

### ऑटो किराया विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने मारपीट के मामले में एक व्यक्ति के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना रविवार की रात करीब 10 बजे की है। प्रार्थी संतोष यादव निवासी काशीराम नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि जानकी, अक्की एवं उसके अन्य एक साथी ने ऑटो रिक्शा के किराए को लेकर विवाद किए और फिर गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्का से मारपीट किए। पुलिस ने इस मामले में धारा 296, 115-1, 351-2, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

तकरीर को लेकर अध्यक्ष ने जारी किया है नए नियम का फरमान

# वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को पाक-अफगान सहित जम्मू-कश्मीर व केरल से मिली धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज को जम्मू-कश्मीर, केरल के साथ पाकिस्तान और अफगानिस्तान से मोबाइल कॉल के माध्यम से जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। वक्फ बोर्ड ने राज्य में नमाज के पहले दी जाने वाली तकरीर को लेकर एक नया नियम लागू किया है। इस नियम के तहत तकरीर में सिर्फ और सिर्फ धार्मिक बातें ही होंगी।

वक्फ बोर्ड के इस नियम को लागू करने की खबर के बाद बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज को अब धमकियां मिलने लगी हैं। इधर सलीम राज ने धमकियां मिलने की रिपोर्ट राजधानी रायपुर के आजाद चौक थाने में दर्ज कराई है। हालांकि उनकी रिपोर्ट दर्ज करने में पुलिस द्वारा काफी वक्त लगाया गया। आवेदन देने के करीब 3 घंटे बाद इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### इस जुम्मे को भी लेनी होगी तकलिए अनुमति

वक्फ बोर्ड द्वारा लागू किए गए नए नियम के तहत पहले जुम्मे को 152 मस्जिदों द्वारा नमाज से पहले तकरीर के लिए वक्फ बोर्ड को आवेदन देकर अनुमति मांगी गई थी। नियम लागू होने के बाद यह दूसरा जुम्मा होगा जब तकरीर के लिए मस्जिदों द्वारा बोर्ड से अनुमति मांगने आवेदन करने होंगे। इन आवेदनों को अनुमति मिलने के बाद ही मस्जिदों में तकरीर की जा सकेगी।

### आजाद चौक थाने में सलीम राज ने दर्ज कराया केस



हरिभूमि

इतिहास में पहली बार तकरीर के लिए मांगनी पड़ी इजाजत

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने मंजूर की 152 मस्जिदों की अर्जी

सीएम साय बोले- इबादत के स्थान पर न हो राजनीति

धमकी से डरने वाला नहीं

### निरीक्षण करेंगी टीमें

वक्फ बोर्ड द्वारा लागू किए गए नियम में तकरीर के लिए अनुमति नहीं मांगने वाले मस्जिद के मुतल्लवी के खिलाफ कार्रवाई का प्रावधान भी किया गया है। इसके तहत वक्फ बोर्ड द्वारा निरीक्षण टीमें बनाई जा रही हैं। ये टीमें मस्जिदों में धार्मिक तकरीर के स्थान पर किसी तरह साम्प्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली तकरीर तो नहीं हो रही है, देखेगी। ऐसा होने पर बोर्ड नियमानुसार उन पर कार्रवाई भी करेगा।



मस्जिदों में 22 नवंबर से होगा एक्शन, आदेश न माना तो सख्ती

सलीम ने कहा- मस्जिदों को बना रखा है राजनीति का अड्डा, बताएं नमाज के पहले क्या भाषण दिया

छत्तीसगढ़ में आग न लगाएं ओवैसी : झा

### 152 आवेदनों को दी गई थी मंजूरी

वक्फ बोर्ड के इस आदेश के बाद विरोध भी हुआ, लेकिन वक्फ बोर्ड ने अपने निर्देश को यथावत रखा था। इस नियम के तहत प्रदेशभर से 152 मजिस्दों द्वारा आवेदन किए गए थे, जिन्हें बोर्ड ने मंजूरी दी थी।

### कोई जान से मारने, कोई 6 इंच छोटा करने की दे रहा धमकी

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने बताया कि वक्फ बोर्ड द्वारा तकरीर को लेकर लिए गए निर्णय के बाद ओवैसी और हुर्रियत कांफ्रेंस ने एक बयान जारी किया था। इसके बाद से उन्हें मोबाइल पर धमकियां मिलने लगी हैं। उन्होंने बताया कि उनके मोबाइल पर अफगानिस्तान, पाकिस्तान के साथ जम्मू-कश्मीर एवं केरल से भी धमकियां मिली हैं। इन धमकियों में कोई जान से मारने की, तो कोई 6 इंच छोटा कर देने की धमकी दे रहा है।

### धमकी से डरने वाला नहीं

उन्होंने बताया कि इन धमकियों से वे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो नियम छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड द्वारा लागू किया गया है, वह देश हित में है। उनके इस नियम को राजनीतिक रूप दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तकरीर के दौरान राजनीतिक भाषण नहीं होना चाहिए। इससे सामाजिक सौहार्द और वातावरण भी बना रहेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की मस्जिदों में राष्ट्र विरोधी तथा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाली तकरीरों को प्रतिबंधित करने के संदर्भ में छत्तीसगढ़ में स्थित समस्त मस्जिदों के लिए राज्य वक्फ बोर्ड की ओर से आदेश जारी किया गया है। ये सभी मस्जिदें वक्फ बोर्ड के अधीन हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ की मस्जिदों के मुतवल्लियों को मस्जिद में धार्मिक तकरीर यानी प्रवचन के अतिरिक्त किसी भी प्रकार के राजनीतिक, सामाजिक समरसता तथा आपसी सौहार्द को बिगाड़ने वाले, शासन विरोधी तकरीर पर रोक लगाए जाने संबंधी निर्देश जारी किए गए हैं। इस निर्देश में यह भी कहा गया है कि धार्मिक तकरीर के अतिरिक्त मुतवल्ली को यदि कोई अन्य विषय पर जमात के समक्ष कोई तकरीर देनी है, तो उसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के व्हॉट्सएप ग्रुप में पहले अनुमति प्राप्त करनी होगी।

एक्शन में कोतवाली पुलिस

# हिस्ट्रीशीटर रवि साहू गिरफ्तार मोहल्ले में निकाला जुलूस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के हिस्ट्रीशीटर रवि साहू को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को उसके कालीबाड़ी स्थित घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर का मोहल्ले में उसका आतंक खत्म करने जुलूस भी निकाला। आरोपी के विरुद्ध थानों में 50 से अधिक मामले दर्ज हैं।

राजधानी में एक ओर जहां लगातार अपराध का ग्राफ बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर पुलिस भी आदतन हिस्ट्रीशीटर जैसे आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ लोगों में उनका आतंक खत्म करने जुलूस भी निकाल रही है। इसी कड़ी में कोतवाली पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर रवि साहू को गिरफ्तार कर उसका मोहल्ले में जुलूस निकाला है। पुलिस को रवि के खिलाफ शिकायत मिली थी कि वह अवैध रूप से शराब और गांजा बेच रहा है। इस शिकायत पर पुलिस ने उसके घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया और पैदल घुमाकर उसका जुलूस निकाला, ताकि लोगों में उसका खौफ खत्म हो।

### जिलाबदर की सजा खत्म होने के बाद पहुंचा था रायपुर

रवि के खिलाफ दिसंबर 2023 में जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी। उसके खिलाफ अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 80 प्रकरण दर्ज हैं, जिसमें 57 प्रकरण चोरी, मारपीट, हत्या की कोशिश के साथ नारकोटिक्स एक्ट तथा जुआ के हैं। इसके अलावा 23 मामले प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत दर्ज हैं। जिला दंडाधिकारी ने रवि के अपराधों की लंबी लिस्ट को देखते हुए उसे एक वर्ष के लिए रायपुर जिले तथा जिले के सरहदी जिलों में प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाते हुए जिलाबदर का आदेश दिया था। पुलिस के अनुसार रवि की जिलाबदर की सजा अवधि खत्म हो गई है, लेकिन घर लौटने के बाद उसने फिर से शराब और गांजा की बिक्री शुरू कर दी थी।

सीजीएमएससी का बड़ा कारनामा

# बिना बजट आठ सौ करोड़ की दवा और उपकरणों की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नियमों को ताक पर रखकर और शासन तथा वित्त विभाग की अनुमति के बिना सीजीएमएससी की तकनीकी शाखा के अफसरों ने बिना बजट के लगभग आठ सौ करोड़ की दवा और कंजूमेंबल्स की खरीदी कर डाली। इतना ही नहीं संबंधित सप्लायर कंपनियों को भुगतान के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट का उपयोग किया गया जबकि नियमतः इसके लिए शासन और वित्त विभाग से अनुमति की आवश्यकता होती है।

सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं और उपचार संबंधी उपकरणों की सप्लाई के लिए बनाई गई छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन के अधिकारियों द्वारा अनियमितताओं को लगातार अंजाम दिया जा रहा है। इसके लिए उनके द्वारा बनाए गए सारे नियमों को ताक पर भी रखा जा रहा है। सूचना के अधिकार के तहत इस बात का खुलासा हुआ है कि अफसरों की मनमानी पिछले तीन साल से चल रही और अब ▶▶|शेष पेज 13 पर

**आरटीआई में खुलासा पिछले तीन साल से चल रही अनियमितता**

CGMSC (State Government Undertaking)

■ बिना अनुमति वित्तीय वर्ष के बजट से किया जा रहा पुराना भुगतान

### भुगतान भी मनपसंद को

सूत्रों का कहना है कि दवा और उपकरणों की सप्लाई के लिए भी अधिकारियों ने भेदभाव पूर्ण रवैया अपनाया। ज्यादातर भुगतान उन कंपनियों को किया गया जो अफसरों के पसंदीदा थे। पूर्व से जिन एजेंसियों के भुगतान अटके हुए थे, उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया और वे अभी सीजीएमएससी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। इसकी वजह से कई कंपनियां आवश्यक दवाओं की सप्लाई से भी हाथ खड़े कर चुकी हैं।

### गैर जरूरी उपकरणों की सप्लाई

सीजीएमएससी के निर्देश पर राज्य के स्वास्थ्य केंद्रों में बिना उपयोग वाली रीएजेंट किट की सप्लाई बड़े पैमाने पर हुई थी। मामला चार सौ करोड़ तक पहुंच गया था। हल्ला मचने के बाद मामले की जांच हुई, मगर अब तक इस मामले में किसी को दोषी नहीं ठहराया गया है। गड़बड़ी का खुलासा महालेखाकार के ऑडिट में हुआ था, जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री ने जांच के लिए कमेटी का गठन किया था। कमेटी अपनी रिपोर्ट दे चुकी है, जिस पर अब तक किसी तरह का एक्शन नहीं लिया गया है।

# मच्छर उन्मूलन के काम पर 3 माह का फीडबैक लेगा निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन के काम का आकलन करने अब निगम प्रशासन अनुबंधित एजेंसी के 3 माह के कार्यों का पब्लिक फीडबैक लेगा। इसके बाद ही यह तय होगा कि ठेका एजेंसी के काम को आगे बढ़ाया जाए या नया ठेका हो। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग की ओर से शासन को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाएगा और मच्छर उन्मूलन कार्य के लिए फंड की मांग की जाएगी।

■ दुर्ग की एजेंसी को 1 करोड़ 24 लाख में ठेका, एमआईसी में हुआ था चौतरफा विरोध

अनुबंधित एजेंसी को दिसंबर तक ट्रायल पर शहर से मच्छर भगाने का काम दिया गया है। इस अवधि में काम संतोषजनक नहीं मिलने पर अनुबंध की 20 फीसदी राशि होल्ड कर दी जाएगी। दरअसल, सोमवार को एमआईसी की बैठक में मच्छर भगाने के लिए चलाए जा रहे फागिंग अभियान को बंद करने की मांग करते हुए सदस्यों ने ठेका एजेंसी के कार्यप्रणाली की जमकर ▶▶|शेष पेज 13 पर

### टीम बढ़ाने दिए हैं निर्देश

मच्छर उन्मूलन के काम में तेजी लाने अनुबंधित एजेंसी को टीम बढ़ाने निर्देशित किया गया है। साथ ही पब्लिक फीडबैक लेकर कार्य की समीक्षा की जाएगी।

- **अबिनाश मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम रायपुर

# एससीईआरटी तैयार करेगा 5वीं-8वीं बोर्ड के पर्चे, फेल-पास के सिस्टम पर मुहर अगले माह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंगलवार को कैबिनेट ने स्कूल शिक्षा विभाग को 5वीं-8वीं की परीक्षा केंद्रीयकृत रूप में कराने खत लिखा है। इसके बाद ही परीक्षाओं के आयोजन सहित छात्रों को पास-फेल किए जाने संबंधित सिस्टम व अन्य व्यवस्थाओं पर मंथन शुरू हो गया है। 2009 तक जब प्रदेश में 5वीं और 8वीं के पर्चे बोर्ड होते थे, तब राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा इन परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र तैयार किए जाते थे। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, अब पुनः एससीईआरटी को ही प्रश्नपत्र निर्माण की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर मंथन हो रहा है। परीक्षाओं का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जाएगा।

गौरतलब है कि 2009 में शिक्षा का अधिकार नियम आने के बाद पहली से आठवीं कक्षा तक परीक्षा और छात्रों को पास-फेल किए जाने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई थी। फेल नहीं होने के डर से स्कूली बच्चों द्वारा पढ़ाई में अधिक ध्यान नहीं दिया जा रहा था। स्कूली शिक्षा के गिरते स्तर को देखते हुए इस अधिनियम में संशोधन किया गया। संशोधन के बाद देशभर के कई राज्यों में पुराने पैटर्न पर वापसी हो गई है। छग में छात्रों के खराब प्रदर्शन को देखते यहां भी पुरानी पद्धति की वापसी की जा रही है।

**कैबिनेट ने स्कूल शिक्षा विभाग को 5वीं-8वीं की परीक्षा केंद्रीयकृत कराने लिखा है खत**

■ मौजूदा सत्र से ही लागू किए जाने की संभावना, विस्तृत रूपरेखा दिसंबर में संभव

### घटाने का ज्ञान नहीं

नेशनल अचीवमेंट सर्वे में पिछली बार छत्तीसगढ़ पूरे देश में 32वें स्थान पर रहा था। सर्वे में यह सामने आया कि छात्रों को जोड़-घटाने सहित अक्षर ज्ञान भी नहीं है। आठवीं कक्षा तक बच्चों को फेल नहीं किए जाने संबंधित व्यवस्था के चलते नवमी कक्षा में पहुंचने वाले विद्यार्थियों का प्रदर्शन भी प्राथमिक कक्षाओं के स्तर का पाया गया। इसके अलावा कई अन्य खामियां सर्वे में सामने आई थी। इन्हें दूर करने अब पांचवीं और आठवीं में बोर्ड परीक्षाओं की व्यवस्था पुनः की जा रही है, ताकि छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर हो सकें।

### दोबारा मौका देने पर विचार

पांचवीं-आठवीं की परीक्षा में फेल होने वाले छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित करते हुए उस कक्षा की पढ़ाई फिर से करवाई जाए अथवा उन्हें पिछली कक्षा के अनुत्तीर्ण विषयों में पास होने का अवसर देते हुए अगली कक्षा में दाखिला दिया जाए, इस पर अभी मंथन नहीं हुआ है। इसके अलावा मार्च 2025 में होने वाली परीक्षाओं में ही नया सिस्टम लागू किया जाएगा अथवा सत्र 2025-26 से यह लागू होगा, इस पर भी विचार-विमर्श होगा। कैबिनेट से प्रस्ताव मिलने के बाद इस पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, दिसंबरमें इस परीक्षा से संबंधित संपूर्ण दिशा-निर्देश जारी कर दिए जाएंगे।

# तीन दिन बरकरार रहेगी ठंड, सरगुजा का दस डिग्री से नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवंबर के महीने में पड़ रही सामान्य से ज्यादा ठंड की स्थिति अगले तीन दिन और बरकरार रहने की उम्मीद है। सरगुजा के कई शहरों का पारा अभी दस डिग्री से नीचे है। पिछले चौबीस घंटे में शहर के तापमान में मामूली गिरावट हुई है और माना का पारा 12 डिग्री सेल्सियस ▶▶|शेष पेज 13 पर

### शहर में रात की ठंड

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 14.3 | -1.6 |
| बिलासपुर | 13.4 | -3.3 |
| पेंड्रा | 9.6 | -3.5 |
| अंबिकापुर | 9.2 | -2.5 |
| जगदलपुर | 12.8 | -1.3 |
| दुर्ग | 11.4 | -5.8 |

■ शहर के तापमान में भी बेहद मामूली गिरावट, माना 12 डिग्री पहुंचा

### मध्य में उतार-चढ़ाव

सरगुजा संभाग में अगले तीन दिन तक ठंड और बढ़ने का अनुमान है। वहीं मध्य क्षेत्र में रात के तापमान में मामूली रूप से उतार-चढ़ाव की स्थिति रहने की संभावना है। बस्तर और उससे लगे जिलों में न्यूनतम पारा में बढ़ोतरी होने की संभावना बन रही है। हालांकि अभी राज्य के किसी भी शहर में दिन और रात का तापमान सामान्य से अधिक वाली स्थिति में नहीं है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### मंत्री राजवाड़े भी अब नवा रायपुर में, किया गृह प्रवेश

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने नवा रायपुर स्थित नवनिर्मित शासकीय आवास में अपने परिजनों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर गृह प्रवेश किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्री श्रीमती राजवाड़े को उनके नए आवास में प्रवेश के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। गृह प्रवेश समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक एवं पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, किरण देव, इंद्र कुमार साहू, धर्मजीत सिंह, पुरंदर मिश्रा, योगेश्वर राजू सिन्हा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े को अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी।

### गोसेवा आयोग के अध्यक्ष बने विशेषर

**रायपुर।** राज्य सरकार ने विशेषर सिंह पटेल को राज्य गोसेवा आयोग का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। पशुधन विकास विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं। विशेषर पटेल कबीरधाम जिले से हैं। यह नियुक्ति छत्तीसगढ़ के पशुपालन और गोसेवा के क्षेत्र में नए बदलाव और विकास की दिशा में काम करने के लिए किया गया है।

### जिले में 13 हजार 72 टन धान की हुई खरीदी

**रायपुर।** समर्थन मूल्य पर रायपुर जिले में मंगलवार को 13 हजार 72 टन धान की खरीदी की गई। इस तरह जिले में अब तक 139 उपार्जन केन्द्रों में 19 हजार 190 किसानों से 78 हजार 852 टन धान की खरीदी हुई है। इन किसानों से 181 करोड़ 53 लाख रुपए की धान की खरीदी की गई है।

### कैंसर के प्रति मिथ्या दावों को वापस लेने की मांग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी ने प्रमाणित दस्तावेज करने, भ्रम के स्पष्टीकरण करने और मिथ्या दावों को वापस लेने की मांग पूर्व विधायक नवजीत कौर सिद्धु पति नवजीत सिंह सिद्धू से की है। श्री सोलंकी ने बताया कि हॉल ही में आपके पति नवजीत सिंह सिद्धू ने आपके असाध्य कैंसर रोग के संबंध में अमृतसर स्थित आपके आवास पर एक प्रेस क्रांफ्रेंस में मीडिया से बातचीत करते हुए खुलासा किया कि आपने स्टेज 4 कैंसर को लाइफस्टाइल और डाइट में बदलाव कर मात दे दी है। उन्होंने दावा किया कि सिर्फ डाइट में कुछ चीजों को शामिल करके आपने 40 दिन में कैंसर को मात दे दी है, जिसे सुनकर देश-विदेश के कैंसर ग्रसित मरीजों में भ्रम व एलोपैथी मेडिसिन के विरोध की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने आपको इस सूचना पत्र द्वारा सूचित कर रहे हैं कि आप 7 दिनों के भीतर प्रेसवार्ता कर अन्य मरीजों के जीवन पर खिलवाड़ न हो, एलोपैथी व कैंसर के इलाज उपचार के संबंध में उपजे भ्रम को दूर करें।

# नगरीय चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा, नितिन नवीन सीएम, डिप्टी सीएम के साथ लेंगे संभागों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

प्रदेश में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव की तिथि अभी तय नहीं हुई है, लेकिन भाजपा ने अपनी तैयारी प्रारंभ कर दी है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन इस माह के अंत में आ रहे हैं।

यहां पर वे पांचों संभागों की 30 नवंबर और एक दिसंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय के साथ मिलकर बैठक लेंगे। इसमें नगरीय निकाय चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन होगा। इसी के साथ 30 नवंबर को पहले संगठन चुनाव को लेकर राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। इसमें मंडल और जिला संगठनों के चुनाव पर चर्चा की जाएगी। एक दिसंबर से मंडल और 15 दिसंबर से जिलों के चुनाव होने हैं।

नगरीय निकाय चुनाव यूं तो इस साल के अंतिम माह में होने थे, लेकिन लगता है अब ये अगले साल जनवरी या फरवरी में ही हो पाएंगे। चुनावों का ऐलान होने से पहले भाजपा ने इसको लेकर तैयारी करने का फैसला किया है। प्रदेश सरकार तो नगरीय निकाय चुनाव के साथ पंचायत चुनाव भी कराने के प्रयास में है।

## संगठन चुनाव पर राज्य स्तरीय कार्यशाला भी होगी

### पदाधिकारियों के साथ बनेगी रणनीति

भाजपा के राष्ट्रीय नेता यहां पर 30 नवंबर की सुबह को पहुंचेंगे। पहले दिन बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर संभाग की बैठक होगी। इसमें इन संभागों के जिलों के अध्यक्ष, महामंत्री भी शामिल होंगे। दूसरे दिन रायपुर और दुर्ग संभाग की बैठक होगी। इसमें नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चर्चा होगी। इसमें तय किया जाएगा कि चुनाव के लिए अभी से क्या तैयारी करनी है और किस तरह की रणनीति से चुनाव लड़ना है।




### पहले दिन संगठन चुनाव पर कार्यशाला

30 नवंबर को सबसे पहले संगठन चुनाव को लेकर सुबह को राज्य स्तरीय कार्यशाला होगी। इसमें सभी जिलों के अध्यक्ष और महामंत्री शामिल होंगे। इनको बताया जाएगा कि राष्ट्रीय स्तर पर हुई कार्यशाला में मंडल और जिलों के चुनाव को लेकर क्या तय किया गया है। राष्ट्रीय संगठन ने 1 से 15 दिसंबर तक मंडल और 15 से 30 दिसंबर तक जिला अध्यक्षों का चुनाव तय किया है। कार्यशाला में चुनाव की प्रक्रिया से पदाधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। इस बैठक में सदस्यता अभियान के साथ बूथ कमेटियों के चुनाव के बारे में भी जानकारी ली जाएगी। बूथ कमेटियों का चुनाव 30 नवंबर तक होना है।

## संविधान दिवस पदयात्रा : तिरंगा लेकर मुख्यमंत्री सहित मंत्री और विधायक हुए शामिल

# साय ने कहा- संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आईना

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

संविधान दिवस के मौके पर पूरे छत्तीसगढ़ में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रायपुर के मेडिकल कॉलेज में हुए कार्यक्रम में सीएम विष्णु देव साय शामिल हुए। संविधान दिवस पर पदयात्रा का भी आयोजन किया गया। कैबिनेट के मंत्री और स्कूली बच्चों ने इस पदयात्रा में हिस्सा लिया। खुद सीएम तिरंगा झंडा लहराते हुए पदयात्रा के आगे-आगे चले। संविधान दिवस पर निकाली गई पदयात्रा मेडिकल कॉलेज से शुरू होकर आंबेडकर चौक पर जाकर खत्म हुई।

पदयात्रा के जरिए लोगों को संविधान और संविधान दिवस के महत्व को बताया गया। लोगों को संविधान की अहमियत और उसकी ताकत के बारे में बताया गया। आयोजन की शुरुआत में एक वीडियो डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। वीडियो डॉक्यूमेंट्री के जरिए ये बताया गया कि कैसे संविधान लिखा गया। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारा संविधान भारत की सदियों पुरानी संस्कृति, इतिहास और परंपराओं का आईना है। उन्होंने कहा, संविधान हमारे संघर्ष, अनुभव और उपलब्धियों का फल है।



### यह लोकतंत्र के जीवनका दर्शन- टंकराम

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि संविधान दिवस के इस गौरवशाली पल में हमें लोगों को संविधान प्रदत्त अधिकारों एवं हमारे मौलिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। संविधान सभा ने दो वर्ष 11 माह 18 दिन में संविधान का निर्माण किया। भारत का यह संविधान पूरे विश्व के लिए आदर्श है। संविधान केवल किताब ही नहीं, अपितु लोकतंत्र के जीवन का दर्शन है। संविधान कर्तव्यों और अधिकारों का निर्धारण करता है। यह देश की एकता और अंखडता का सूचक है।

### संविधान निर्माताओं ने अपनी इच्छाओं को नहीं लादा : साय

मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे संविधान निर्माताओं ने जहां पर मौलिक अधिकारों की बात लिखी है, वहां भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की तस्वीर है। यह तस्वीर तब की है जब भगवान श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौट रहे थे। हमें इस बात को समझना होगा कि हमारे संविधान निर्माताओं ने इस तस्वीर के माध्यम से हमें क्या संदेश दिया है। संविधान में ऐसे कई चित्र और संकेत हैं, जिनके माध्यम से संविधान निर्माताओं ने बताने की कोशिश की है कि भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों के साथ लोकतंत्र को आगे बढ़ाना है। सीएम ने कहा कि हमारा संविधान विशेषताओं से भरा पड़ा है। हमारे संविधान की खासियत है कि जरूरत पड़ने पर इसमें संशोधन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा, संविधान निर्माताओं ने देश पर अपनी इच्छाओं को लादा नहीं, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए कई गुंजाइशों को छोड़ा भी है, जिसका मकसद है, मुश्किल परिस्थितियों में जरूरत के मुताबिक संसोधन भी किया जाए।

# विस सत्र के लिए सभी विधायकों ने लगाए ऑनलाइन सवाल




हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए सभी विधायकों ने ऑनलाइन सवाल लगाए हैं। अब तक 639 सवाल लग चुके हैं। 20 तारीख से सवाल लगाने का क्रम शुरू हुआ, पहले तीन दिनों में केवल 109 सवाल लगाए गए थे। वहीं चौथे दिन 415 सवाल लगे। पांचवें दिन 111 सवाल विधायकों द्वारा लगाए गए। सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों और अन्य मामलों को लेकर विपक्ष अपनी तैयारी जुट गया है। विधानसभा में पिछले दो सत्रों के दौरान विधायकों से सवाल के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन विपल्प रखा था। 16 से 20 दिसंबर तक होने वाले सत्र को लेकर विधानसभा सचिवालय ने तैयारी शुरू कर दी है। सत्र के दौरान नए विधायक को शपथ दिलाने के साथ राज्य सरकार अनुपूरक बजट और कुछ विधेयक भी लाएगी। सवाल लगने का क्रम सत्र शुरू होने के एक सप्ताह तक चलेगा। उसके बाद ध्यानाकर्षण और अन्य प्रस्ताव दिए जा सकेंगे। सदस्यों द्वारा उठाए गए सवालों पर विभागों से जवाब मंगाए जा रहे हैं। विपक्ष की ओर से खाद्य एवं कृषि और गृह विभाग के सवाल अब तक अधिक लगाए गए हैं।

### विपक्ष इन मुद्दों को उठाएगा

विधानसभा का शीतकालीन सत्र हंगामेदार हो सकता है। विपक्ष सरकार को घेरने की रणनीति बनाएगा। राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष सड़कों पर लगातार प्रदर्शन कर रहा है। वहीं, धान खरीदी को लेकर भी विपक्ष सरकार पर हमला करने की योजना बना रहा है। विधानसभा सत्र को लेकर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस अपने विधायकों के साथ बैठक कर योजना बनाएगी। कवर्धा हिंसा के मामले में भी सत्र के हंगामेदार रहने के आसार हैं। इसके अलावा विपक्ष सरकारी नौकरी में भर्ती, धान खरीदी केंद्र समेत कई मुद्दों पर घेरने की योजना बनाएगा। वहीं सत्र को लेका सत्ता पक्ष की ओर से भी तैयारी की जा रही है। विपक्ष के हर सवाल का जवाब देने की रणनीति तैयार की जा रही है।

# सात साल बाद भी नहीं बन पाया एल-2 ट्रामा इमरजेंसी विभाग भी सीमित साधनों में सिमटा

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

सड़क हादसे सहित अन्य घटनाओं में गंभीर होने के बाद इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए सात साल पहले बनाई गई एल-2 ट्रामा का अब तक पूरा नहीं हो पाया है। विभिन्न रुकावटों के बीच दो बार इसका निर्माण शुरू हुआ, मगर ज्यादा दिन तक नहीं चल पाया। एल-2 ट्रामा के लिए चिन्हित स्थान वाहनों की पार्किंग के लिए उपयोग में आ रहा है।



गंभीर मरीजों को तत्काल उपचार सुविधा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने आंबेडकर अस्पताल के लिए एल-2 ट्रामा योजना को स्वीकृति दी थी। इसके लिए उनके द्वारा करीब 1.05 करोड़ की राशि दी गई थी जिससे भवन निर्माण के साथ अन्य संसाधन की व्यवस्था की जानी थी। योजना के अनुसार शेष आवश्यक राशि राज्य सरकार को जुटाना था। योजना आने के बाद कोरोना ने इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। काफी कोशिशों के पश्चात दो बार भवन बनाने के लिए तय एजेंसी ने काम शुरू किया जो कुछ दिनों में ही बंद हो गया। सालभर पहले यहां तीन के बजाए पांच मंजिला क्रिटिकल केयर यूनिट बनाने की योजना बनाई फाइल को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। संबंधित एजेंसी ने कुछ समय तक इंतजार करने के बाद अपना बोरिया बिस्तर समेट लिया। तभी से पांच मंजिला बिल्डिंग के लिए चिन्हित स्थल का उपयोग एंबुलेंस, चिकित्सकों की कार सहित अन्य वाहन की पार्किंग के लिए किया जा रहा है। इस योजना के कारण अस्पताल में संचालित इमरजेंसी एवं ट्रामा विभाग में संसाधनों की व्यवस्था नहीं की गई है। करीब तीस बेड वाला ट्रामा कई बार ज्यादा मरीजों की वजह से छोटा पड़ जाता है। इसके विस्तार के लिए पहले विभिन्न योजनाएं बनाई गई मगर इस पर काम ट्रामा-2 के विकसित होने की आस में अधूरा छोड़ दिया गया।

### नए भवन अभी भी योजना में

बजट में आंबेडकर अस्पताल में सात सौ बिस्तर के एकीकृत अस्पताल को मंजूरी दी गई थी। इस योजना पर भी अब तक काम होता नजर नहीं आ रहा है। योजना को लेकर मंत्री से लेकर विभागीय अधिकारी कई बार प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर चुके हैं, मगर उनका काम इससे आगे नहीं बढ़ पा रहा है। यह तर्क बार-बार दिया जाता है कि अस्पताल का मुख्य भवन अब छोटा हो चुका है, वहां निर्माण की कोई गुंजाइश नहीं है।

### होती है गहमागहमी

इमरजेंसी विभाग का संचालन दो वार्डों के माध्यम से किया जाता है। भीतर का गलियारा इतना संकरा है कि इमरजेंसी वाले तीन-चार केस एक साथ आने के दौरान वहां गहमागहमी की स्थिति बन जाती है। विभाग का विस्तार किए जाने के लिए स्टाफ बढ़ाने, जांच मशीनों की सुविधा, एरिया बढ़ाने जैसी कई तरह की योजना बनाई गई मगर जमीनी स्तर पर कुछ नहीं आ पाया।

## डिप्टी सीएम शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने ली संयुक्त बैठक

# नशीली दवाओं के खिलाफ होगा पुलिस और दवा विभाग का ज्वाइंट एक्शन, बड़े मामले एनसीबी तक जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ›› रायपुर

प्रदेश में लगातार बढ़ रहे नशीली दवाओं के कारोबार की रोकथाम के लिए पुलिस और औषधि विभाग संयुक्त अभियान चलाएगा। कार्यवाही के दौरान अगर बड़े मामले पकड़े जाते हैं, तो इसमें नारकोटिक्स की टीम को शामिल किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने महानदी भवन में दोनों विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली।

बैठक के दौरान पुलिस विभाग और औषधि विभाग की टीम द्वारा की गई कार्यवाही का ब्योरा दिया गया। इस दौरान दोनों ओर से नशीली दवाओं के मामले में कार्रवाई के आंकड़े सामने आए। दोनों मंत्रियों ने नशीली दवा के बढ़ते मामले को गंभीरता से लिया और इस पर सख्ती से रोकथाम के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए।



सूत्रों के अनुसार अब पुलिस और औषधि विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाई जाएगी जो संयुक्त रूप से छापेमारी और दवा दुकानों की जांच का काम करेगी। इसके लिए स्थानीय निकायों के पदाधिकारियों का सहयोग लेने की भी बात कही है। कहीं नशे की दवाओं के बिक्री की सूचना मिलती है, तो दोनों विभाग की टीम एक साथ छापेमारी करेगी। मामला बड़ा होगा, तो इसकी जानकारी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी दी जाएगी।

### पकड़े गए दुकानदार तो सीधे एफआईआर

नशीली दवाओं के मामले में अगर किसी दवा कारोबारी की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके खिलाफ सीधे एफआईआर होगी और गिरफ्तारी की कार्रवाई भी की जाएगी। इस दौरान यह बात भी सामने आई है कि नशीली दवाओं के कारोबार में किसी दवा व्यापारी की मिलीभगत बहुत कम है। ज्यादातर मामलों में दवा की सप्लाई दूसरे राज्यों से सीधे इस अनैतिक कारोबार से जुड़े लोगों को होती है। इन गतिविधियों पर भी विभाग को नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन अफसरों की मौजूदगी

दो विभागीय मंत्रियों की बैठक में अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुवा, प्रमुख सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास निहारिका बारीक, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. प्रियंका शुक्ला, विशेष सचिव वित्त एवं सामान्य प्रशासन तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन चंदन कुमार सहित पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप




### श्रम संहिता वापस लेने किया विरोध-प्रदर्शन

**रायपुर।** श्रम संहिता वापस लेने और किसानों से समर्थन मूल्य की गारंटी के कानून की मांग को लेकर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच एवं संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन मंगलवार को डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा के पास किया गया। प्रदर्शन प्रदेश में भिलाई, कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर, धमतरी, अंबिकापुर सहित प्रदेश के अन्य स्थानों में भी आयोजित किया गया। इस मौक पर सीटू के राज्य सचिव एमके नंदी, सीजीआईईए के महासचिव धर्मराज महापात्र, एसटीयूसी के सचिव एससी भट्टाचार्य, आरडीआईईयू के महासचिव सुरेंद्र शर्मा ने संबोधित करते हुए 4 वर्ष पूर्व किसान आंदोलन तथा सरकार के विभिन्न दमनात्मक कार्यवाहियों, श्रम कानूनों को लेबर कोड में बदलने का फैसला, किसानों की आय दुगनी करने का, ठेका प्रथा समाप्त कर नई भर्ती का, राशन प्रणाली को सार्वभौम बनाने, न्यूनतम वेतन 26 हजार करने, न्यूनतम पेंशन 10 हजार करने, ट्रेड यूनियनों के पंजीयन में रोड़ा पैदा करने वाली नीतियों सहित विभिन्न मांगों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रदर्शन में सीटू नेता मारुति डोंगरे, सुभाष साहू, सूरज दीप, मसूद अंसारी, आरिफ दहिया, कौशल ईश्वर सेन सहित अनेक साथी उपस्थित थे।

## निधन

### किशनलाल सोनी

**रायपुर।** बसना निवासी किशनलाल सोनी का 26 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे शंकरलाल सोनी के बड़े पुत्र और रमेश सोनी, देवेंद्र सोनी के बड़े भाई थे।

# आईआरसीटीसी प्लांट बंद! अब ट्रेन और प्लेटफार्म में भुवनेश्वर, जबलपुर, नागपुर से आएगा रेल नीर

**एक दिसंबर से सिरगिट्टी से रेल नीर का बोतल प्लांट हो रहा बंद, अब तीन जगहों से पहुंचेगा पानी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिलासपुर के सिरगिट्टी में आईआरसीटीसी के रेल नीर पानी बोतल का प्लांट 1 दिसंबर से बंद होने वाला है, लेकिन इससे यात्रियों को कोई असुविधा नहीं होगी। इसके लिए अब वैकल्पिक सुविधा बनाई गई है। अब भुवनेश्वर, जबलपुर और नागपुर के प्लांट से रेल नीर का पानी ट्रेनों और स्टेशनों में बेचने के लिए आएगा। जोन के वरिष्ठ अधिकरी ने बताया कि प्लांट बंद होने से लोकल और दूसरे ब्रांड के पानी बेचने वाली कंपनियों का पानी नहीं बेचा जाएगा। आईआरसीसीटी जल्द प्लांट को शुरू करने की तैयारी में जुट गया है।



### यात्रियों का भी रेल नीर पर विश्वास अधिक

*ट्रेनों में पानी के मामले में ज्यादातर यात्री रेल नीर की बोतल ही खरीदते हैं। इस वजह से इसकी मांग भी जोन के साथ देशभर में अधिक है। इसीलिए रेलवे भुवनेश्वर, जबलपुर और नागपुर की कमी दूर करेगा। प्लांट क्यों बंद किया जा रहा, इस बारे में आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक, डीजीएम से लेकर अन्य अफसरों ने भी चुप्पी साध ली है। ट्रेनों में सिर्फ पानी का कारोबार करोड़ों में है। इसके बावजूद आईआरसीटीसी का रेल नीर प्लांट स्थापना के सातवें साल में ही दम तोड़ता नजर आ रहा है। वैसे तो यह प्लांट जब से लगा है, उत्पादन और सप्लाई को लेकर इसमें विवाद रहा है। सप्लाई ठेके को लेकर कई बार टेंडर किया गया, लेकिन कोई स्पष्ट रिजल्ट निकलकर नहीं आया।*

बता दें कि 7 साल पहले 10 करोड़ रुपए से सिरगिट्टी में आईआरसीटीसी के द्वारा रेल नीर पानी बोतल प्लांट स्थापित किया गया था। इस प्लांट को 1 दिसंबर से बंद करने की तैयारी चल रही है। इसका संचालन करने वाली कोलकाता की ठेका कंपनी ने 15 दिन पहले इसे लेकर आईआरसीटीसी के अफसरों को चिट्ठी लिख दी है। हालांकि अफसर स्पष्ट नहीं बता रहे हैं कि प्लांट स्थायी रूप से बंद होगा या अस्थायी। वे सिर्फ यही बता रहे हैं कि 30 नवंबर के बाद प्लांट बंद हो जाएगा, लेकिन इसकी वजह नहीं बता पा रहे। ऐसे में कर्मचारियों के सामने असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है।


## मीटर नहीं लगवाने वालों को मिलेगा नोटिस, समय देंगे

# 24 घंटे पानी आपूर्ति के लिए वाटर मीटर जरूरी, निःशुल्क लगाकर दे रहे मीटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पीने का साफ पानी मिलेगा। इसके लिए स्वचालित वाटर मीटर लगवाना जरूरी है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड से अनुबंधित एजेंसी चयनित इलाकों में निःशुल्क वाटर मीटर लगाकर दे रही है। अब तक 13 हजार से अधिक घरों में आधुनिक तकनीक से लैस स्वचालित वाटर मीटर लगाने का काम पूरा हो गया है, जबकि 7 हजार घर व दुकान में वाटर मीटर लगना बाकी है। जल आपूर्ति का पुराना सिस्टम बंद कर नए सिस्टम से इन वार्डों में 24 घंटे साफ पानी की आपूर्ति से पहले ट्रायल चल रहा है। मीटर नहीं लगवाने वालों को नोटिस देकर वाटर मीटर लगाने समय दिया जाएगा।

- 13 हजार से अधिक घरों में लगा दिए स्वचालित वाटर मीटर, 7 हजार घरों, दुकानों में मीटर लगना बाकी



### सदर, पुरानी बस्ती, स्टेशनरोड, जोरा पारा, बूढ़ापारा के कुछ इलाकों मीटर लगवाने से हिचक रहे लोग

*रायपुर स्मार्ट लिमिटेड के पॉयलट प्रोजेक्ट में मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानते हुए 164 किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन बिछाई गई है। साथ ही 24 घंटे पानी पहुंचाने इंटरकनेक्शन दिया गया है। लोगों के यहां अनुबंधित एजेंसी निःशुल्क आधुनिक वाटर मीटर लगा रही है। सूत्रों के मुताबिक सदरबाजार, स्टेशन रोड, जोरापारा, बूढ़ापारा के कुछ अन्य इलाकों में लोग अपने घरों व दुकानों में नए वाटर मीटर लगवाने से हिचक रहे हैं। अधिकारियों का कहना है, नए सिस्टम का ट्रायल शुरू हो गया है, कुछ दिनों बाद पुराना सिस्टम बंद कर संबंधित एरिया में नए सिस्टम से जल आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए वाटर मीटर होना जरूरी है, ताकि पानी की खपत के आधार पर जल शुल्क लिया जा सके। हालांकि अभी जल शुल्क का टेरिफ तय होना बाकी है।*

**वार्डवाइज वाटर मीटर इंस्टालेशन की स्थिति**

| वार्ड का नाम | लगाए गए | बाकी |
|---|---|---|
| महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड | 1,262 | 138 |
| महामाया मंदिर वार्ड | 1,551 | 626 |
| सिविल लाइन वार्ड | 361 | 71 |
| मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड | 2,127 | 792 |
| शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड | 430 | 124 |
| इंदिरा गांधी वार्ड | 1,097 | 1,639 |
| हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड | 1,026 | 797 |
| तात्यापारा वार्ड | 1,947 | 331 |
| रमण मंदिर वार्ड | 143 | 96 |
| शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड | 164 | 90 |
| ब्राम्हणपारा वार्ड | 700 | 322 |
| स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड | 1,608 | 1,282 |
| राजीव गांधी वार्ड | 731 | 566 |

### वाटर मीटर लगाना जरूरी

24 घंटे जल आपूर्ति प्रोजेक्ट के तहत संबंधित वार्ड में नए वाटर मीटर अनुबंधित एजेंसी निःशुल्क लगाकर दे रही है। इसके बाद भी कुछ लोग वाटर मीटर नहीं लगवा रहे हैं। पुराना सिस्टम बंद कर नया सिस्टम शुरू होगा। इसीलिए असुविधा से बचने समय रहते घरों व दुकानों में वाटर मीटर लगवा लें।

- **पंकज पंचायती,** अतिरिक्त महाप्रबंधक तकनीकी, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड

# शहरभर में 15 हजार होर्डिंग्स नगर निगम के रिकार्ड में 7 हजार, बनेगी नई पॉलिसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहरभर में 15 हजार होर्डिंग्स अलग-अलग जगहों पर विज्ञापन एजेंसियों ने प्रचार-प्रसार के लिए लगाए हैं, लेकिन नगर निगम के रिकार्ड में केवल 7 हजार होर्डिंग्स दर्ज हैं। 8 हजार नए पुराने-होर्डिंग्स ऐसे हैं, जिनके बारे में अभी तक नगर निवेश विभाग को पता ही नहीं है। शहरभर में कराए गए जियो टैगिंग सर्वे में यह बात सामने आई। अब निगम प्रशासन इन छूटे हुए 8 हजार होर्डिंग्स का किराया वसूलने की तैयारी में है। वहीं निगम की आर्थिक हालत सुधारने शहर के लिए नई होर्डिंग्स पालिसी बनाने का खाका तैयार किया जा रहा है।

दरअसल तंगहाली में चल रहा रायपुर नगर निगम इस बार राजस्व वसूली को लेकर 500 करोड़ का टार्गेट लेकर चल रहा है, जिसमें मुख्य रूप से शहरभर में डेढ़ लाख ऐसे प्रॉपर्टी होल्डर का सर्वे कर उन्हें कर के दायरे में लाने जुटा हुआ है। इसके लिए राजस्व महकमे को 15 दिन का समय दिया गया। नगर निगम के दस जोन में स्थित 70 वार्डों में इन प्रॉपर्टियों को अब तक संपत्ति कर के दायरे में नहीं लाने से एकमुश्त राजस्व का घाटा हो रहा है।



इसी तरह अमृत मिशन के तहत शहरभर में नई पाइपलाइन बिछाने के बाद नए नल कनेक्शन धारियों से जल शुल्क की वसूली सहित अवैध नल कनेक्शन का सर्वे कराकर संबंधित करदाता से एक तय शुल्क लेकर नियमितीकरण करने संबंधी योजना शामिल है। नगर निगम के अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल के मुताबिक, शहर में बिना अनुमति लगाए गए होर्डिंग्स को चिन्हांकित करने और नए होर्डिंग्स का सर्वे कर संबंधित विज्ञापन एजेंसियों से निर्धारित शुल्क वसूली की जाएगी। इसके लिए शहर में जियो टैग सर्वे कराया गया है। इसमें यह पता चला है कि शहरभर में 15 हजार होर्डिंग्स शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में लगाए गए हैं। इनकी पहचान कर नियमानुसार होर्डिंग्स किराया की वसूली की जाएगी।

# ग्लोबल महोत्सव में दिखी देश-विदेश के हर क्षेत्र की संस्कृति

**रायपुर।** हैदराबाद के भाग्यनगर स्थित शिल्पकला वेदिका के विशाल प्रांगण में चार दिवसीय 21 से 24 नवंबर तक लोकमंथन के नाम से ऐसा ग्लोबल सांस्कृतिक महोत्सव हुआ। जिसमें देश-विदेश के हर क्षेत्र की संस्कृति देखने को मिली। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश, हैदराबाद, कर्नाटक, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, मिजोरम, नागालैंड, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़ के जनजातीय



और लोक कलाकार अपनी कला के साथ वहां पूरी तैयारी से वहां उपस्थित थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ से डॉ. पूनम संजू द्वारा बैगानी करमा व बैगा संस्कृति की विविधताओं पर अपने विचार रखे गए। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध छायाचित्रकार सोनीजी, पद्मश्री अर्जुन धूवे अपनी गीतों की प्रस्तुति दी। छत्तीसगढ़ के जनजातीय संस्कृति को प्रस्तुत करने के लिए ये सुनहरा अवसर था, जहां विदेशों से भी लोक कलाकार, शोधकर्ता और सिने जगत, कला जगत के ख्यातिप्राप्त शख्सियतों का जमावड़ा रहा। पद्मश्री प्रसिद्ध नृत्यांगना सोनल मानसिंह, फिल्म केरल स्टोरी, बस्तर स्टोरी के निर्देशक सुदिप्तो सेन भी इस कार्यक्रम में थे।

## पेज 11 के शेष

### हादसे के बाद सफर...

और छपरा एक्सप्रेस में सफर करना था, लेकिन अचानक बिलासपुर-कटनी रेलखंड पर खोंगसरा व भनवारटंक स्टेशनों के बीच मालगाड़ी के पटरी से उतरने के कारण सफर के चार घंटे पहले ही इन ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया। रेलवे ने दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस को रद्द ही कर दिया। जैसी ही यह सूचना यात्रियों के मोबाइल पर पहुंची, इसे पढ़कर यात्री परेशान हो गए, क्योंकि सफर की तैयारी हो चुकी थी। कई यात्री सामान लेकर स्टेशन पहुंच गए थे, लेकिन अंत में उन्हें अपनी ट्रेन रद्द करानी पड़ी। सफर से चार घंटे पहले हुई इस घटना ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दीं। 6 ट्रेनों के मार्ग बदलने से ट्रेन रायपुर नहीं आकर दुर्ग से गोंदिया मार्ग होते हुए रवाना हुई। ऐसे में ट्रेनों पर सफर करने के लिए यात्रियों को रायपुर से दुर्ग तक दूसरी ट्रेन में सफर करना पड़ा।

**शाम की ट्रेन पकड़ने दोपहर स्टेशन पहुंचे यात्री**

अचानक पटरी से मालगाड़ी उतरने की घटना ने रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, बिलासपुर के हजारों यात्रियों को परेशान कर दिया। रेलवे ने अमरकंटक, ऊधमपुर और छपरा एक्सप्रेस का मार्ग बदल दिया। यह ट्रेन मंगलवार को गोंदिया मार्ग से अपने गंतव्य के लिए रवाना हुई। कई यात्री को स्टेशन पहुंचने के बाद सूचना मिली कि उनकी ट्रेन आज रायपुर नहीं आएगी। उन्हें दुर्ग जाना होगा, जिसके कारण ट्रेन छूट भी गई। जिन यात्रियों को सूचना मिल गई, उनकी भाग दौड़ अधिक हो गई। अमरकंटक 6:20 को दुर्ग से रवाना होती है। इस ट्रेन में सफर करने 200 से अधिक यात्री रायपुर स्टेशन में दोपहर से ही स्टेशन पहुंच गए थे, ताकि समय पर दुर्ग पहुंच सकें। ऐसी स्थित तिल्दा, भाटापारा, बिलासपुर में भी रही।

छपरा जाने यात्री लोकल से हुए रवाना

इस घटना से छपरा एक्सप्रेस का भी मार्ग बदल दिया गया था। कम समय होने के कारण कई यात्रियों ने टिकट रद्द कर दिया, तो वहीं बड़ी संख्या में यात्री दुर्ग के लिए रवाना हुए। दुर्ग जाने वाले सर्वाधिक यात्री इसी ट्रेन के रहे। अंबिकापुर के लिए ज्यादातर लोगों ने बस का टिकट खरीदा, लेकिन यह भी शाम होने तक खत्म हो चुकी थी।

### मच्छर उन्मूलन के काम...

खिंचाई की। सदन में यह मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया। स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष नागभूषण राव ने अपने ही विभाग के अधिकारियों से सवाल किया कि एजेंसी क्या काम कर रही है, कहां फागिंग कर रही, किसी को जानकारी नहीं। उन्होंने ये भी कहा कि 3 माह में 1 करोड़ 24 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। पायलट प्रोजेक्ट शहर के तीन-चार या दस वार्डों में होता है। यहां तो 70 वार्डों में काम दिया गया है। विदित हो कि दुर्ग की शिवांगी एजेंसी को तीन माह के लिए 70 वार्डों में मच्छर उन्मूलन कार्य का ठेका दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी 2 अक्टूबर से 3 माह तक ट्रायल पर शहरभर में एंटी लार्वा छिड़काव और वार्डों में 7 ई रिक्शा के माध्यम से फागिंग करवा रही है। साथ ही मच्छरों से संबंधित शिकायत सुनने एक टोल फ्री नंबर जारी किया गया है।

### बिना बजट आठ सौ...

तक बिना बजट उपलब्धता के दवा खरीदी की राशि पहाड़ का रूप ले चुकी है। नियम के मुताबिक शासन द्वारा बजट में मदवार खरीदी के लिए राशि का आवंटन किया जाता है और उसका उपयोग उसी काम के लिए किया जाना रहता है। सीजीएमएससी के अधिकारी इस नियम को ताक पर रखकर बिना किसी नियम का पालन कर मांगपत्र को आधार बनाते हुए सप्लायर कंपनियों से करोड़ों रुपए की दवा खरीदते रहे। खरीदी के मामले में अफसर इतने तल्लीन रहे कि उनके द्वारा इसके लिए तो ना वित्त शाखा से जानकारी ली गई और ना शासन अथवा से इसकी मंजूरी ली गई। अनियमितता का दौर यहां भी नहीं रुका, जब दवा और कंज्यूमेंबल्स की सप्लाई करने वाली कंपनियों ने भुगतान के लिए दबाव बनाना शुरू किया, तो वर्ष 2024-25 के वित्तीय वर्ष के लिए आवंटित बजट से उन्हें भुगतान कर दिया गया और इसके लिए भी किसी तरह की अनुमति शासन या बोर्ड से लेने की आवश्यकता नहीं समझी गई।

### तीन दिन बरकरार...

तक पहुंच गया है। इस बार नवंबर के महीने में बीते दिनों पड़ी ठंड ने सरगुजा संभाग के कई शहरों को शीतलहर की चपेट में ले लिया था। मध्य इलाके में भी ठंड ने अपना असर दिखाया था। ठंडकता का दौर अभी भी जारी है और अगले तीन दिन तक इसमें किसी तरह का बदलाव होने की उम्मीद नहीं है। मध्य स्तर पर आ रही नमी अभी अपना खास असर नहीं दिखा पा रही है और शुष्क हवा के प्रभाव से तापमान में गिरावट का दौर जारी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में सबसे कम तापमान बलरामपुर का 8.5 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा अंबिकापुर सहित सरगुजा जिले के ज्यादातर शहरों का तापमान दस डिग्री से नीचे रिकार्ड किया गया है। रायपुर में भी ठंड अपना असर दिखा रही है और यहां के तामपान में बेहद मामूली गिरावट दर्ज की गई है। माना इलाके में पारा एक डिग्री नीचे होकर 12 तक पहुंच गया है। अगले चौबीस घंटे में ठंडकता भरे मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद बहुत कम है।

# स्ट्रीट डॉग की मौत का मामला थाने पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के रावांभाटा क्षेत्र में एक स्ट्रीट डॉग की मौत का मामला थाने पहुंच गया है। इस मामले में जय छत्तीसगढ़ ऑल एनिमल लव एंड केयर फाउंडेशन के कार्यकर्ता ने एक फैक्ट्री और उसके कर्मचारियों पर डॉग की निर्दयता से हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए शिकायत की है। इस शिकायत के बाद पुलिस ने डॉग का पोस्टमार्टम कराया है, जिसकी रिपोर्ट आने का इंतजार किया जा रहा है। खमतराई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रावांभाटा इलाके में एक स्ट्रीट डॉग की मौत को लेकर जय छत्तीसगढ़ ऑल एनिमल लव एंड केयर फाउंडेशन के कार्यकर्ता मुकेश चंद कुमार ने थाने में शिकायत की है कि डॉग की मौत के लिए एक निजी फैक्ट्री मालिक और उसके कर्मचारी दोषी हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि फैक्ट्री मालिक के कहने पर कर्मचारियों ने डॉग पर पत्थरों से हमला किया है, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने इस शिकायत के बाद मृत डॉग के शव का पशु चिकित्साधिकारी से पोस्टमार्टम कराया है, जिसकी रिपोर्ट आनी बाकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद ही इस मामले में आगे जांच की जाएगी। जांच में जो भी दोषी पाया गया, उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

- हत्या के आरोप के बाद पुलिस ने कराया शव का पोस्टमार्टम

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार टिकेन्द्र बंजारे एवं रोहन व पुत्रियां नेहा बंजारे, कविता बंजारे, सुयश बंजारे की पुस्तैनी संपत्ति है जो कि वर्तमान में स्व. कार्तिकराम बंजारे की मृत्यु पश्चात सुरेन्द्र कुमार बंजारे द्वारा फौती आधार पर हम पक्षकारगणों का नाम छुपाते हुये अपने नाम से ग्राम छछानपैरी स्थित प.ह.नं. 00003, रा. नि. मं एवं तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित कास्तकारी भूमि खसरा -94, 95, 97, 404, की कुल रकबा -1.3270 हे. एवं ख.नं.-05, रकबा-2.9250 हे. भूमि को अपने नाम पर फौती आधारो पर दर्ज करवा लिये है।

उपरोक्त भूमि वर्तमान में भूमिस्वामी सुरेन्द्र बंजारे पिता स्व. कार्तिक राम बंजारे के नाम फौती में दर्जशुदा भूमि है इस भूमि के संबंध में सुरेन्द्र बंजारे के वारिसानों द्वारा न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-02 (विकास खाण्डे) खाण्डे) व्यवहार वाद क्रं.- 54ए/24 महोदय रायपुर छ.ग. के न्यायालय में लंबित है तथा प्रकरण दिनांक 03.12.2024 के लिये नियत है।

उक्त आम सूचना के द्वारा समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय कार्यालयो में साहूकारी, बैंक, एवं अन्य संस्थाओं, व्यक्तियों को उक्त आम सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार की क्रय विक्रय के पूर्व मेरे पक्षकारगणों से संपर्क कर लेंवे, यदि उक्त संबंध में किसी के द्वारा उक्त भूमि के संबंध में कार्यवाही की जाती है तो उसे सभी के विरूद्ध न्यायालय में चल रहे व्यवहार वाद के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी। सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-........

भवदीय
**मीना तिवारी अधिवक्ता**
**पता खम्हारडीह, संगम चौक, शंकरनगर, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9131787147**

### आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता सुरेश सिंह पिता श्री भंवर सिंह, निवासी- पेंशन बाड़ा शीतला मंदिर के बाजू, रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि जो कि वाके मौजा-अमलीडीह, प.ह.नं- 114/69, रा.नि.म.- रायपुर - 02, जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर - 191/80, रकबा - 1200 वर्गफुट को, क्रय करने का सौदा कर अग्रिम प्रतिफल की राशि प्रदान किया जा चुका है तथा अब केवल बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत बैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी परिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति या उजर, दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन तिथि से 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवें। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी तथा उसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा मेरे पक्षकार के पक्ष मे बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 26/11/24

भवदीय
**श्री पिटु बारई (अधिवक्ता)**
**पता - गुरूमुख सिंह नगर, काली मंदिर पचपेढ़ी नाका, रायपुर छ.ग.**
**मों नंबर - 9893148882**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

### आम सूचना

दिनांक 26.11.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकित अग्रवाल पिता अभय अग्रवाल निवासी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम नकटी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. रायपुर-18 स्थित भूमि खसरा नं. 514/10 रकबा 0.302 हे. का सीमांकन न्यायालय नायब तहसीलदार के रा.प्र.क्र. 202411113700023 दिनांक 20.11.2024 के परिपालन में दिनांक 11.12.2024 को समय 12:00 PM बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो, वे उक्त तिथि को पटवारी हल्का नंबर प.ह.नं. 77 स्थित कार्यालय में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में किसी दावा या आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जाने।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-18**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षण रायपुर-10**

### आम सूचना

**जारी दिनांक 25/11/2024**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बसन्ती प्रसाद पति गुदरी प्रसाद निवासी पचपेड़ी नाका रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नम्बर 419/46 रकबा 0.0140 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 20/11/2024 के परिपालन में दिनांक 04/12/2024 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**(राजस्व निरीक्षक)**
**रायपुर-10**

### // आम सूचना //

**( ग्राम-डूंडा रायपुर स्थित खसरा नं.- 400/2 एवं 427 के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गौरी शंकर गुप्ता द्वारा मौजा- ग्राम-डूंडा, प.ह.नं.-72 रा.नि.मं.-रायपुर-1 तह व जिला- रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नं.- 400/2 रकबा 0.729 हेक्टे. एवं खसरा नं. - 427 रकबा- 0.482 हेक्टे. को प्रसन्न अग्रवाल पिता -श्री भरत कुमार अग्रवाल निवासी वार्ड क्रमांक-7 कोपेभाठा गंडई पंडरिया, छुईखदान जिला- राजनांदगाँव एवं विकास इंदुरकर पिता- श्री एस. पी. इंदुरकर निवासी मोती नगर बोरियाखुर्द रायपुर छ.ग. से क्रय करने का सौदा तय कर ब्याना भुगतान किया जाकर इकरारनामा निष्पादित किया गया है, तथा विक्रय पत्र का पंजीयन किया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भूमि राजस्व अभिलेखों में मूल भूमि स्वामी जयंती लाल डाया भाई एंड ब्रदर्स के नाम से दर्ज है, उक्त भूमि को विक्रेतागण क्रय करने का सौदा तयकर इकरारनामा निष्पादित कर उक्त इकरार के आधार पर मेरे पक्षकार गौरी शंकर गुप्ता को विक्रय करने का इकरार कर ब्याना की राशि प्राप्त कर अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है।

अतः आमजन को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में उपरोक्त वर्णित व्यक्तियों प्रसन्न अग्रवाल अथवा विकास इंदुरकर से अथवा मूल भूमि स्वामियों जयंती लाल डाया भाई एंड ब्रदर्स उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी व्यक्ति क्रय करने अथवा अन्य प्रकार से अंतरण करने के संबंध में कोई संव्यवहार न करे, ऐसा कोई संव्यवहार किये जाने पर व्यक्ति अथवा संस्था स्वयं जिम्मेदार होगा, तथा उक्त संव्यवहार मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित इकरारनामा के समक्ष शून्य होगा।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांकः-

भवदीय
**एस. के. सिंह ( अधिवक्ता)**
**गुरुद्वारा के पीछे स्टेशन रोड रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 9424229512, 8982816905**
**कार्यालय समय शाम - 6 से 8**

### आम सूचना

(वाके मौजा डूमरतालाब रायपुर प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. रायपुर 3 कोटा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित जिसका खसरा नंबर 15000/103 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि है, जिस पर डूप्लेक्स मकान 1600 वर्गफुट पर निर्मित है के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 01 श्रीमती माया गुप्ता पति स्व. श्री शिवनारायण गुप्ता 02 श्री पंकज गुप्ता पिता स्व. श्री शिवनारायण गुप्ता 03 श्रीमती पारूल गुप्ता पिता स्व. श्री शिवनारायण गुप्ता सभी पता मं. 73 अंरिहत नगर डूमरतालाब रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 15000/103 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि है जिस पर डूप्लेक्स मकान 1600 वर्गफुट पर निर्मित है को क्रय करने हेतु पक्का सौदा तय कर लिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है ।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, वित्तीय, निकाय, अर्द्धशासकीय शासकीय को उपरोक्त भूमि / संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी उजर दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा एवं अवैध व शुन्य माना जावेगा। तथा मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय प्रतिफल की संपूर्ण राशि भूमि स्वामीगणो को अदा कर अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन की कार्यवाही कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 26/11/2024

**एन. के. पटेल, आशीष तिवारी (अधिवक्तागण )**
**हरिभूमि प्रेस के पीछे छत्तीसगढ़ नगर टिकरापारा रायपुर छ.ग.**
**मो. 9425510595, 8319942960**

### शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता विजय कश्यप आयु 34 वर्ष पिता स्व. कृष्ण कश्यप निवासी मजदूर नगर सरोरा तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य है।
2. यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम यमुना प्रसाद दर्ज है जो कि मेरा ही नाम है और मेरे उक्त नाम से जाना व पहचाना जाता हूं।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, राशन कार्ड, मकान टैक्स, और बैंक खाता में मेरा नाम विजय कश्यप है जो कि उक्त नाम भी मेरा ही नाम है, तथा इस नाम से भी जाना पहचाना जाता हूं।
4. यह कि मै शपथपूर्वक कथन करता हूं कि विजय कश्यप एवं यमुना प्रसाद उक्त दोनों नाम मेरे ही है इस नाम के अलग-अलग व्यक्ति नहीं है, मेरे शैक्षणिक दस्तावेज में मेरा नाम यमुना प्रसाद दर्ज है उसे सुधारकर विजय कश्यप किया जा सके के समर्थन में शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र में उल्लेखित सभी तथ्य मेरे स्वयं के ज्ञान से सत्य है व स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

**शपथकर्ता**

दिनांक 23/11/2024

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# नर्सिंग प्रवेश के लिए चार दिन शेष, जीरो परसेंटाइल से एडमिशन के लिए शासन की हरी झंडी का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इंडियन नर्सिंग काउंसिल द्वारा एक माह तारीख बढ़ाए जाने के बाद एडमिशन के लिए महज चार दिन शेष हैं। नर्सिंग कालेजों को खाली पड़ी बीएससी नर्सिंग की 4775 सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राज्य शासन की अनुमति का इंतजार है। आईएनसी इन खाली सीटों को भरने के लिए जीरो परसेंटाइल का नियम अपनाने के लिए अपनी सहमति दे चुकी है।

राज्य में हर साल की तरह इस बार भी न्यूनतम अंक के प्रावधान की वजह से कई निजी नर्सिंग कालेजों में भारी संख्या में एडमिशन के लिए सीटें खाली बची हैं। इसे लेकर निजी कालेज प्रबंधन काफी चिंतित हैं और वे न्यूनतम अंक का प्रावधान समाप्त कर एडमिशन दिए जाने राज्य शासन की अनुमति का इंतजार कर रहे हैं। पिछले माह चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए पत्र के आधार पर आईएनसी ने पचास प्रतिशत के न्यूनतम अंक को समाप्त कर प्रवेश देने पर अपनी सहमति दी थी। इसके साथ प्रवेश की अंतिम तारीख 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई थी। अंतिम तारीख आने में केवल चार दिन शेष हैं, इसलिए कालेज प्रबंधन शासन द्वारा एडमिशन के लिए सहमति देने की आस लगाए बैठे हैं। शासन से इसकी हरी झंडी मिलने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग अपनी औपचारिकता पूरी करेगा, तो प्रवेश के लिए एक से दो दिन का वक्त मिल जाएगा।

### बीएससी की 4775 सीटें हैं खाली, आईएनसी दे चुकी सहमति

**35 प्रतिशत सीटों पर एडमिशन**

अब तक पूरी की गई काउंसिलिंग की प्रक्रिया में शासकीय और निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी की 7221 सीटें हैं, जिनमें अभी 4775 सीटें एडमिशन के लिए खाली बची हैं। इसी तरह पोस्ट बेसिक, एमएससी नर्सिंग की सीटें भी काफी संख्या में खाली बची हैं। ज्यादातर निजी कालेज बीएससी नर्सिंग का कोर्स संचालित करते हैं, इसलिए उनकी चिंता इन्हीं सीटों पर एडमिशन की ज्यादा है।



**14 हजार अभ्यर्थी हो जाएंगे पात्र**

शासन जीरो परसेंटाइल के आधार पर अगर एडमिशन देने की अनुमति देता है, तो व्यापमं की परीक्षा में शामिल होने वाले 14 हजार से ज्यादा अभ्यर्थी पात्र हो जाएंगे। इससे पर्याप्त संख्या में छात्र मिलने से खाली पड़ी ज्यादातर सीटों में प्रवेश हो जाएगा। पिछले शिक्षण सत्र यानी 2023-24 में नर्सिंग एडमिशन की प्रक्रिया फरवरी अंत तक पूरी की गई थी।

## राजधानी में नौ साल पहले चलाई गई मुहिम ठंडे बस्ते में इसलिए उड़ रहे धुएं के गुबार

# एनजीटी के निर्देशों का पालन नहीं, खुले में कचरा जलाने वालों पर जुर्माना बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नौ साल पहले शहर में खुले स्थानों पर कचरा जलाने वालों के खिलाफ निगम की टीम हर जोन में कार्रवाई करते हुए एनजीटी के आदेश का पालन कराने के लिए मुहिम चला रही थी। इसके लिए निगम ने हर जोन में एक-एक टीम बनाई थी, जो खुले में कचरा जलाने वालों से जुर्माना वसूल करती थी। कुछ दिनों तक मुहिम को मैदानी कर्मचारी भी तवज्जो देने के बाद भूल गए। इसके कारण अब जगह-जगह खुलेआम कचरा जलाने वाले मनमानी करने लगे हैं।

रायपुर निगम सीमा में कार्रवाई के लिए बनाई गई टीम कोविड एक्टिव होते ही शिथिल की गई। इसके बाद से शहर में नियम पालन कराने के लिए बनाई गई व्यवस्था ही नहीं, इसे जमीनी स्तर पर चलाने वाला सिस्टम भी फेल हो गया है। नतीजा यह है कि जगह-जगह खुले में कचरा जलाने में अब सफाई कर्मी भी रुचि लेने लगे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि वार्डों में सफाई के दौरान निकाले गए कचरे को ले जाने के लिए प्रापर गाड़ी नहीं मिलती। झंझट से बचने सफाई कर्मी भी इसे जला देते हैं। वहीं सड़क के आसपास दुकान सजाने वाले भी कचरा आसपास के खाली स्थानों पर जलाने लगे हैं। इससे शहर की आबोहवा खराब हो रही, वहीं कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी शुरू हो गई हैं। इसके बाद भी मामले में अनदेखी की जा रही है।

**जन भागीदारी और सहयोग से रोक लगाई जा सकती है**

लोग निभाएं भागीदारी, करेंगे कार्रवाई अगर निगम सीमा में कोई भी व्यक्ति खुले में कचरा जला रहा, तो उसकी सूचना देने में लोग भागीदारी निभाएं, तो हम कार्रवाई व जुर्माना करेंगे। इसमें जन भागीदारी और सहयोग से रोक लगाई जा सकती है। जोन स्तर पर जुर्माने की प्रक्रिया करने कहा जाएगा।

- **राजेन्द्र गुप्ता,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर



**प्रदूषण पर रोक लगाने निर्देश**

एनजीटी ने प्रदूषण के ग्राफ को कम करने के लिए सभी नगर निगम, नगर पालिका परिषद के साथ ही जिला पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर खुले में कचरा जलाने वालों पर पाबंदी के लिए निर्देश दिया था, ताकि वायु प्रदूषण कम किया जा सके। इसके बाद हरकत में आए रायपुर निगम ने इसका पालन कराने के लिए कोयला जलाने वाले होटलों व ढाबों से लेकर खुले में कचरा जलाने वालों पर भी नकेल कसने के लिए मुहिम चलाई। यह तामझाम करीब दो साल ही चला और इसके बाद अनदेखी की जाने लगी और लोगों में जुर्माने का डर भी खत्म हो गया।

### इन स्थानों पर मिली खामियां

हरिभूमि की टीम ने पड़ताल में पाया कि कैलाश पुरी इलाके में खुले में कचरा जमा करने के बाद उसे आग के हवाले किया गया है। आस -पास के लोगों ने पहचान छिपाने की शर्त पर बताया कि सफाई के लिए आने वाले कर्मचारी उसे जलाते हैं। उनको जलाते हुए देखकर क्षेत्र के लोग घरों से निकले वाले कचरे को खाली जगह में डालते हैं। लोगों के विरोध से बचने के लिए उसमें आग लगा देते हैं। इस तरह का खेल दुधाधारी मठ क्षेत्र के परशुराम नगर में भी किया जा रहा है। प्रोफेसर कॉलोनी सेक्टर -3 में खुले में कचरा जलाने से धुएं का गुबार देखने को मिला।

# एमडी-एमएम का काउंसिलिंग शेड्यूल संशोधित, राज्य और अभा. कोटे में सप्ताहभर का अंतर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



ऑल इंडिया और राज्य कोटे की एमडी-एमएस सीटों पर एडमिशन तारीख के कारण हो रही दिक्कत से विद्यार्थियों को राहत मिल गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मंगलवार को प्रवेश का संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है। अब दोनों कोटे से प्रवेश की काउंसिलिंग में सप्ताहभर का अंतर आ गया है।

- चिकित्सा शिक्षा विभाग ने जारी किया नया शेड्यूल, पहला राउंड 30 तक

राज्य कोटे से मेडिकल पीजी की सीटों पर पहले राउंड से एडमिशन की अंतिम तिथि 28 नवंबर है, जिसे बढ़ाकर 30 नवंबर कर दिया गया है। साथ ही दूसरे दौर, मॉपअप राउंड की काउंसिलिंग के लिए पूर्व में तय तारीख को संशोधित किया गया है। नए शेडयूल के तहत अब काउंसिलिंग का सेकेंड राउंड 11 से 24 दिसंबर के बीच पूरा होगा। इसी तरह मॉपअप राउंड 6 से 22 जनवरी के मध्य पूरा किया जाएगा। पूर्व में राज्य कोटे की प्रवेश प्रक्रिया की तारीख अखिल भारतीय कोटे से एडमिशन की तिथि लगभग सामान थी। इसकी वजह से एडमिशन लेने वाले छात्रों को दिक्कत हो रही थी। कई छात्रों को दोनों कोटे से सीटें आवंटित हो गई थीं। वे यह तय नहीं कर पा रहे थे कि एडमिशन की प्रक्रिया किस कोटे के तहत पूरी की जानी चाहिए।

**एनओसी का चक्कर, पढ़ाई से चूक सकते हैं कई डॉक्टर**

पीजी की पढ़ाई के मामले में स्वास्थ्य केंद्रों और अस्पतालों में सेवा देने वाले की चिकित्सा अधिकारी वंचित हो सकते हैं। नियमित रूप से सेवा देने वाले कई डॉक्टरों पीजी की सीट अलॉट हुई है, मगर उन्हें विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं मिल रहा है। नियम के मुताबिक, एडमिशन के लिए विभागीय की एनओसी अनिवार्य की गई है। चर्चा है कि पढ़ाई के लिए दस प्रतिशत नियमित डॉक्टरों को एनओसी दिया जाएगा। किन डॉक्टरों को एनओसी मिला है, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, इसलिए सभी संचालनालय के चक्कर काट रहे हैं। मंत्रालय का चक्कर लगा रहे डॉक्टरों ने चिकित्सा शिक्षा संचालनालय में अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। तर्क दिया गया है कि इस बार एनओसी को अनिवार्य किया गया है, जबकि पिछली बार शपथपत्र के भरोसे छह माह का समय देकर प्रवेश दिया गया था। छत्तीसगढ़ डॉक्टर फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह लोधी ने कहा कि नियम की वजह से चिकित्सा अधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सक की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाएंगे।

## खबर संक्षेप

### चैंबर ने व्यापारी संघ के नए पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन सभागार में रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ और गुरुनानक चौक व्यापारी संघ के नए पदाधिकारियों को सम्मानित करने कार्यक्रम का आयोजन किया। चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने बताया कि चैंबर की ओर से दी रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ रायपुर और गुरुनानक चौक व्यापारी संघ के नये पदाधिकारियों को उनके नए कार्यकाल के लिए बधाई दी गई। इन दोनों व्यापारी संगठनों में पूर्व पदाधिकारियों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद संघ के सदस्यों द्वारा नये पदाधिकारियों का चयन कर रायपुर थोक कपड़ा व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से सरल मोदी एवं गुरुनानक चौक व्यापारी संघ, रायपुर से अध्यक्ष महेश जेठानी सचिव पद पर विजय शादीजा को निर्विरोध चुना गया।

### डेयरी कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय दुग्ध दिवस



**रायपुर।** दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का आयोजन मंगलवार को किया गया। भारतवर्ष में श्वेत क्रांति एवं दुग्ध उद्योग के जनक, डेयरी किसानों को सहकारिता के माध्यम से सीधे उत्पादक और उपभोक्ता को जोड़कर उचित आय, दूध की गुणवत्ता एवं महत्ता प्रतिपादित करने वाले डॉ. वर्गीस कुरियन के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिष्ठता डॉ. एके त्रिपाठी ने डॉ. कुरियन की जीवनी, डेयरी के क्षेत्र में उनके प्रयासों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारियां साझा की। कार्यक्रम में संदीप देवांगन, छत्तीसगढ़ प्रांत हेड, अमूल इंडिया ने छात्रों को अपनी गरिमामयी उपस्थिति से उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अधिष्ठाता ने संविधान दिवस के अवसर पर सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई व भारतीय संविधान की उद्देशिका का वाचन भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रीति भंडारकर ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. केके साण्डे द्वारा किया गया।

### पुरानी रंजिश पर दांत से काटा, केस दर्ज

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने दांत से काटने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 25 नवंबर की रात 8 बजे मठपुरैना नहरपार के पास की है। आरोपी कान्हा निर्मलकर एवं महेंद्र निर्मलकर ने पुराने झगड़े की बात पर प्रार्थी धनेश्वर निर्मलकर एवं उसके भाई महेश्वर के साथ विवाद किया। इस दौरान आरोपी ने उसके हाथ को दांत से काट दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा बीएनएस- 296, 351-2, 115-2, 118-1, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# तेलीबांधा के पार्क स्प्री वॉक में बच्चों और बड़ों के लिए मनोरंजक राइड्स





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

राजधानी रायपुर के तेलीबांधा सरोवर परिसर के रिक्रियेशन जोन एरिया में अब पार्क स्प्री वॉक बच्चों व बड़ों के लिए आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। स्प्री फन वर्स परिसर में 20 नए रोमाचंक राइड्स का शुभारंभ गत दिनों किया गया। वाइल्ड रश एडवेंचर पार्क में ड्रॉप टावर, पेंडलूम, ड्रेगन कोस्टर के साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए मेरी गो राउंड झूला लगाया गया है।

- ड्रॉप टावर, पेंडलूम, ड्रेगन कोस्टर, मेरी गोराउंड झूला
- जिप लाइन, जिप साइकिल, जिप रोलर, प्ले स्टेशन भी

स्प्री वाक मरीन ड्राइव में एडवेंचर और एम्यूजमेंट पार्क में जिप लाइन सिंगल वे और डबल वे, जिप रोलर, रोप कोर्स, जंगल राइड के साथ फ्लाइंग कार उपलब्ध कराए गए हैं। बच्चों के मनोरंजन और खेलकूद फ्लाइंग कॉप्टर, ड्रेगन राइड झूले लगाए गए हैं। ईसीएचटी मैनेजमेंट के माध्यम से मेगा एडवेंचर और टूरिज्म हब का स्वरूप देने यह कार्य कराया गया है। कंपनी के डायरेक्टर राजीव सेंगर ने बताया कि पर्यटकों के लिए नई गतिविधियां तेलीबांधा तालाब के आकर्षण को बढ़ाने शुरू की जा रही हैं।

**पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाए पेड़ पौधे**

पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए परिसर में पौधारोपण किया गया है, ताकि जनता को मनोरंजन के साथ ही हरियाली भी सहजता से उपलब्ध हो सके। रिक्रियेशन जोन में 100 अलग-अलग प्रजाति के पौधे लगाए गए हैं।


# स्मार्ट मीटर लग रहे, पर कनेक्शन प्रीपैड होने में लगेगा लंबा समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर लग रहे हैं। आने वाले समय में सभी कनेक्शन प्रीपैड हो जाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर इसकी प्रक्रिया प्रारंभ करने वाली है। अब तक पांच लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लग गए हैं। इतना तय है कि कनेक्शनों को प्रीपैड होने में अभी लंबा समय लगेगा। पहले पॉवर कंपनी का राजस्व विभाग परीक्षण करेगा, इसके बाद इसका प्रस्ताव बनाकर बिजली नियामक आयोग को भेजा जाएगा। वहां से मंजूरी मिलने पर ही कनेक्शन प्रीपैड होंगे। एक सबसे बड़ी बात इसके लिए राज्य सरकार का भी सहमत होना जरूरी है। आने वाले समय में प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव भी होने हैं। प्रदेश सरकार यह भी देखेगी जिन राज्यों में कनेक्शन प्रीपैड किए गए हैं, वहां पर स्थिति क्या है। कहीं कोई ज्यादा परेशानी तो नहीं है।

- पोस्टपैड कनेक्शन समाप्त करने नियामक आयोग को प्रस्ताव भेजकर लेनी होगी मंजूरी

प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं में से 54 लाख के पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। अब तक प्रदेश में पांच लाख से ज्यादा मीटर लग गए हैं। इनको लगाने पर ही छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को चार हजार करोड़ खर्च करना पड़ रहा है।



**सुरक्षा निधि करनी होगी वापस**

प्रदेश में जो 65 लाख बिजली उपभोक्ता हैं, उसमें से करीब छह लाख कृषि पंपों के उपभोक्ता हैं। इनमें स्मार्ट मीटर नहीं लगेंगे। इसी के साथ 20 लाख के करीब बीपीएल के उपभोक्ता हैं, इनसे सुरक्षा निधि नहीं ली जाती है। करीब 40 लाख उपभोक्ता जिनकी सुरक्षा निधि जमा है, उनको वापस करनी पड़ेगी। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक हर माह करीब 13 सौ करोड़ के बिल बनते हैं। इसके मुताबिक दो माह के बिल के बराबर सुरक्षा निधि जमा रहती है, वह करीब 26 सौ करोड़ है, लेकिन उद्योगों के मीटर न बदलने के कारण उनकी सुरक्षा निधि वापस नहीं होगी। यह निधि बहुत ज्यादा होती है।

# सरकारी जमीन आवंटन के विरोध में बंद रहा अमलीडीह बाजार, किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय नवीन महाविद्यालय के लिए प्रस्तावित करोड़ों रुपए की शासकीय जमीन को एक बिल्डर को आबंटित करने के विरोध में मंगलवार को अमलीडीह क्षेत्र के रहवासियों ने एक दिवसीय धरना देकर प्रदर्शन किया।

इस मांग के समर्थन में अमलीडीह का पूरा बाजार भी बंद रहा। क्षेत्र के व्यापारियों ने इस आंदोलन के समर्थन में आधे दिन दुकानें बंद रखी। हालांकि बंद का असर इमरजेंसी सेवाओं पर नहीं पड़ा, जिससे मेडिकल, अस्पताल, राशन दुकान, पेट्रोल पंप से लेकर नगर निगम के जोन दफ्तर खुले रहने से आम लोगों के कामकाज भी होते रहे।

अमलीडीह क्षेत्र में पुलिस कालोनी के पीछे करीब 9 एकड़ शासकीय जमीन को एक बिल्डर को आबंटित किया गया है। शासन द्वारा आबंटित किए गए इस आदेश की जानकारी जैसे ही अमलीडीह क्षेत्र के वार्ड की निर्दलीय पार्षद संध्या नानू ठाकुर, पूर्व पार्षद लीलाधर चंद्राकर सहित स्थानीय वासियों को मिली, सभी इसके विरोध में उतर आए। इस मामले में वार्डवासियों ने पार्षद के नेतृत्व में कलेक्टर जनदर्शन में जाकर पहले विरोध जताया और एक दिवसीय आंदोलन करने की घोषणा की। इस घोषणा के तहत केनाल रोड से अमलीडीह जाने वाले मुख्य मार्ग पर वार्डवासियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया।





**आंदोलन के समर्थन में बंद रहा बाजार**

इस आंदोलन के समर्थन में अमलीडीह क्षेत्र के व्यापारियों ने भी अपना समर्थन देते हुए दुकानें आधे दिन बंद रखीं। कई व्यापारी ऐसे भी थे जिन्होंने दिनभर दुकानें बंद रखीं। इनमें सब्जी, फल, किराना सहित अन्य दुकानों के साथ ठेला-गुमटी भी बंद रहे।

**कॉलेज व खेल मैदान के लिए आरक्षित थी जमीन**

पूर्व कांग्रेस शासनकाल में इस जमीन को कॉलेज व खेल मैदान के लिए आरक्षित किया गया था। इस जमीन की अनुमानित लागत करीब 30 करोड़ रुपए बताई जा रही है। शासकीय भूमि खसरा नंबर 233/1 व 233/5 रकबा 3.203 हेक्टेयर भूमि को एक बिल्डर को आवंटित कर दिया गया है। इसी प्रकार खसरा नंबर 233/1 व 233/5 रकबा में से 0.2362 हेक्टेयर भूमि को भी किसी अन्य को आबंटित किया गया है। बाबूलाल पटेल को आबंटित जमीन के मामले में तहसील कार्यालय में केस भी लगा हुआ है, जिस पर फैसला आना बाकी है।

**मुख्यमंत्री एवं राजस्व मंत्री के नाम प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

धरना-प्रदर्शन के दौरान वार्ड वासियों के प्रतिनिधिमंडल ने जमीन का आबंटन निरस्त करने मुख्यमंत्री और राजस्व मंत्री के नाम प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है।

## बिजनेस साइट

### पारस इंस्टिट्यूट में डीसीए-पीजीडीसीए छात्रों के लिए फेयरवेल समारोह



**रायपुर।** पारस इंस्टिट्यूट ऑफ एजूकेशन की भाठागांव और अम्लेश्वर ब्रांच में डीसीए-पीजीडीसीए कोर्स के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जूनियर छात्रों ने सीनियर छात्रों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। भाठागांव ब्रांच से मिस्टर फेयरवेल विवेक, मिस फेयरवेल पुष्पा और स्टूडेंट ऑफ द ईयर कृति साहू को चुना गया। वहीं अम्लेश्वर ब्रांच में मिस्टर फेयरवेल शीतल, मिस फेयरवेल तनु और स्टूडेंट ऑफ द ईयर सचिन को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जूनियर छात्रों ने नृत्य, गायन और विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जो सभी के लिए एक यादगार अनुभव रही। इस अवसर पर पारस इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन की डायरेक्टर कविता कुंभज और अम्लेश्वर शाखा के डायरेक्टर राहुल कुंभज की उपस्थिति रही।

# इभनान साहू ने स्पेशल ओलिंपिक एशिया पेसिफिक में किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ी इभनान साहू ने 18 से 23 नवंबर तक दिल्ली के त्यागराज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित स्पेशल ओलिंपिक एशिया पेसिफिक में कमाल का प्रदर्शन किया है। उन्होंने 10 बिन बॉलिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 पदक जीते। आर्टिज्म से पीड़ित युवा इभानन ने व्यक्तिगत श्रेणी में रजत पदक, मिश्रित श्रेणी में रजत पदक और युगल टीम श्रेणी में कांस्य पदक जीतकर भारत का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। होनहार युवा खिलाड़ी इभनान साहू के पिता डॉ. मनोज साहू और मां तेजश्री साहू ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकारवार्ता में बताया कि अपने बेटे के शानदर प्रदर्शन पर उन्हें गर्व है। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने इभनान की जीत के सफर का अनुभव साझा करते हुए बताया कि उनके बेटे ने अपने बालिंग का अभ्यास रीबाउंस से किया, जानकारों के अनुसार यह छत्तीसगढ़ का एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय मानक के अनुसार 60 फीट की बालिंग शैली है।

- 10 बिन बॉलिंग चैंपियनशिप में गजब का प्रदर्शन, 3 पदक जीते









हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 27 नवंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



तोहफों में लौटी प्राचीन परंपरा...

## लाइव इवेंट

# बाघ बचाने निकाली बाइक रैली तय की 1300 किमी की दूरी




रायपुर। छत्तीसगढ़ में बाघ के प्राकृतिक आवास को संरक्षित करने का संदेश देने के उद्देश्य से बाघ बचाओ बाइक रैली निकाली गई। 22 नवंबर ये यह रैली प्रारंभ हुई थी। छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल, वन विभाग और 36 राइडिंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस विशेष रैली में 40 बाइकर्स ने हिस्सा लिया और लगभग 1300 किलोमीटर की दूरी तय की। रैली की शुरुआत 22 नवंबर को रायपुर के नंदनवन जंगल सफारी से हुई थी। पहले दिन राइडर्स ने कवर्धा होते हुए गौरेला, पेंड्रा मरवाही तक की दूरी तय की। दूसरे दिन गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व होते हुए मैनपाट तक सफर किया। अंतिम दिन राइडर्स ने रायगढ़ से होते हुए बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य में रैली का समापन किया। इस पूरे सफर के दौरान बाघ संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए स्थानीय समुदायों के साथ संवाद भी किया गया।

### पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक

बॉलीवुड अभिनेता अनिल चरणजीत इस रैली में शामिल होकर इसका मुख्य आकर्षण बने। उन्होंने कहा, टाइगर संरक्षण हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए बेहद आवश्यक है। इस पहल का हिस्सा बनकर मैं बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। इस बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ की जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और राज्य के पर्यटन को बढ़ावा देना था। रैली के आयोजन में नंदनवन जंगल सफारी, भोरमदेव वन्यजीव अभ्यारण्य, अचनाकमार टाइगर रिजर्व, गुरु घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व, गोमरडा वन्यजीव अभ्यारण्य और बारनवापारा वन्यजीव अभ्यारण्य का विशेष सहयोग रहा।

## कैंपस इवेंट

# बलिदान करने की परंपरा जनजातियों में आदिकाल से



रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में 'जनजाति समाज का गौरवशाली अतीत: ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वनवासी विकास समिति के प्रांताध्यक्ष उमेश कच्छप रहे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.बलदेव भाई शर्मा ने की। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा, जनजातीय समाज में अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म हुआ है, जो हमें गर्वित करते हैं। अपने देश के लिए संघर्ष करने की परम्परा जनजातीय समाज में प्रारंभ से रही है। भगवान विरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे अनेक महान नायकों ने अपना बलिदान दिया। जनजातीय संस्कृति में गहरी आध्यात्मिकता छिपी है।

### वैदिक काल से दे रहे योगदान

कुलपति ने कहा, वनवासी समाज का गौरवशाली अतीत और उनका ऐतिहासिक एवं सामाजिक ज्ञान हमारे जीवन में महत्वपूर्ण है। यह आवश्यक है कि हम इस ज्ञान को समझें और समाज के साथ सहभागिता बढ़ाएं। भारतवर्ष में वैदिक काल से अब तक जनजाति समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। चाहे देश के स्वतंत्रता आंदोलन हो या धर्म-संस्कृति के संरक्षण की बात हो, जनजाति समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जनजाति गौरव की जानकारी समाज में हर एक तक पहुंचे। भगवान विरसा मुंडा पूरे जनजाति समाज के प्रतीक हैं। क्षत्रपति शिवाजी महाराज ने मावलों को इकट्ठा कर योद्धा तैयार किए। महाराणा प्रताप के साथ भील समाज कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहा। यह समाज हमारे धर्म-संस्कृति और समाज जीवन की रीढ़ है।

## सिटी इवेंट

# दूध क्रांति ने बदली थी दिशा अब युवा जुड़ें दुग्ध विज्ञान से




रायपुर। दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का गौरवपूर्ण आयोजन किया गया। भारत वर्ष में "वेत क्रांति एवं दुग्ध उद्योग के जनक डॉ. वर्गीस कुरियन के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय दुग्ध दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. वर्गीस कुरियन की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं मल्यार्पण करके की गई। महाविद्यालय के अधिष्ठता डॉ.एके त्रिपाठी ने उक्त अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए डॉ. कुरियन की जीवनी, डेयरी के क्षेत्र में उनके प्रयासों एवं उपलब्धियों पर विस्तृत जानकारियां साझा की। इस कार्यक्रम में अमूल इंडिया के छत्तीसगढ़ प्रांत हेड संदीप देवांगन ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। छात्रों को दुग्ध विज्ञान के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने प्रेरित किया गया।

### आपातकाल में रहें तैयार

रायपुर। 'आपात स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारियों' पर यूनिसेफ के तत्वाधान में दिनांक 25 व 26 नवंबर को दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण के दौरान सभी जिलों के जिला कार्यक्रम प्रबंधक, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल सलाहकार व स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रक्षिक्षण के दौरान आपदा प्रबंधन की बुनियादी अवधारणाएं, अस्पताल तैयारियों की वर्तमान स्थिति, अस्पताल सुरक्षा ऑडिट चेकलिस्ट जैसे विषयों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान आपात स्थिति में स्वास्थ्य कर्मी तथा विशेषज्ञों को कैसे तत्पर रहना चाहिए, इस विषय पर बल दिया गया साथ ही मॉकड्रिल, आपातकाल में बचाव की प्रविधि व लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

## रविवि में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन यूथ फेस्ट की शुरुआत, जुटे संबद्ध महाविद्यालयों के छात्र



> पं.रविशंकर शुक्ल विवि में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव की शुरुआत मंगलवार से हुई। पहले ही दिन यहां सुर, ताल और नृत्य का अद्भुत गठजोड़ देखने को मिला। रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों की टीमें यहां पहुंची। शुरुआत नृत्य विधा से हुई। इसके अंतर्गत लोकनृत्य-आदिवासी नृत्य तथा शास्त्रीय नृत्य, दो कैटेगरी रखी गई। इसके साथ ही फाइन आर्ट स्पर्धा भी पहले दिन हुई। इसमें पोस्टर मेकिंग व रंगोली स्पर्धा हुई। अंतर महाविद्यालयीन युवा महोत्सव में विजेता छात्र साउथ फेस्ट में रविवि का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# सुर...ताल...और नृत्य शैली के अद्भुत गठजोड़ का जादू



रायपुर। विश्वविद्यालय के नेतृत्व का मौका हासिल करने के लिए सभी महाविद्यालयों के प्रतिभागियों ने कड़ी चुनौती पेश की। रविवि के नव-निर्मित ऑडिटोरियम में यह आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय अध्ययनशाला के साथ ही संबद्ध कॉलेजों के छात्र भी यहां पहुंचे रहे। इससे पूरे समय उत्सव सा माहौल रहा। अपने पसंदीदा गानों की प्रस्तुति के दौरान दर्शक छात्र अपनी ही जगह पर थिरकते नजर आए। इसके पूर्व मुख्य अतिथि पद्मश्री भारती बंधु ने कार्यक्रम की शुरुआत की। कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल, कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र पटेल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो.राजीव चौधरी सहित यूटीडी के विभिन्न विभागाध्यक्ष व महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

### हर छोटी चीज का ध्यान

नृत्य प्रस्तुतियों की खास बात यह रही कि छात्रों ने हर छोटी बात का ध्यान रखा था। इसमें वेशभूषा से लेकर परिधान और हाव-भाव भी शामिल थे। प्रोफेशनल कलाकारों को छात्रों की प्रस्तुति टक्कर देती नजर आई। विशेषकर लोकनृत्यों तथा आदिवासी नृत्यों में विद्यार्थियों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों का खास ध्यान रखा। शास्त्रीय नृत्य पेश कर रहीं छात्राओं ने भी अपने चेहरे की भाव-भंगिमाओं को लेकर लंबे समय तक मेहनत की थी, जो उनकी प्रस्तुतियों के जरिए प्रदर्शित हुआ।

### गायन स्पर्धा आज

दूसरे दिन गायन प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। गायन विधा के अंतर्गत शास्त्रीय एकल गायन (भारतीय एवं कर्नाटक), शास्त्रीय वाद्य एकल (गैर ताल), सुगम गायन (भारतीय), गायन (भारतीय), शास्त्रीय वाद्य एकल (ताल वाद्य) कैटेगरी में स्पर्धा होगी। ऑन द स्पॉट पेंटिंग एवं कार्टूनिंग तथा लिटररी इवेंट के अंतर्गत वाद-विवाद कार्यक्रम प्रेक्षागृह एवं कला भवन सेमीनार हॉल में प्रातः 10:00 बजे से शुरु होगा।




### सामाजिक सरोकार से जुड़ी रंगोली और तस्वीरें

फाइन आर्ट के पोस्टर मेंकिंग एवं रंगोली का आयोजन हुआ। इसे ऑडिटोरियम तथा सेंटर फॉर बेसिक साइंस के हॉल में आयोजित किया गया था। इसमें सामाजिक सरोकार से जुड़े विषयों का चुनाव किया गया था। लड़कियों के साथ लड़कों ने भी रंगोली में हाथ अजमाया। अपनी शैली से वे लड़कियों को मात देते नजर आए।



### लोक संस्कृति के लिए आगे आएं युवा

लोक कलाकार भारती बंधु ने अपने उद्बोधन में युवाओं के व्यक्तिव के निर्माण और संस्कृति के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरणा देते हुए कहा कि युवा उत्सव युवाओं में नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण क्षमता विकसित करने का एक अच्छा माध्यम है। छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के संरक्षण और उसके विकास के युवाओं को आगे आना चाहिए। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में कुलपति ने छात्रों को बधाई देते हुए कहा, छात्रों के व्यक्तिव विकास के लिए इस तरह के आयोजन में संबंधित महाविद्यालयों का भी प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग होता है।



## पिछले वर्ष 242 पदों के लिए निकाली गई थी भर्ती, इस बार मात्र 2 पदों की वृद्धि

# 2024 के लिए आवेदन एक दिसंबर से, इधर जारी है 2023 की साक्षात्कार प्रक्रिया, आयोग कल घोषित कर सकता है परिणाम

कार्नर न्यूज

रायपुर। अपनी परंपरा को कायम रखते हुए सीजी पीएससी ने संविधान दिवस के दिन छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2024 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। लोक सेवा आयोग ने 246 पदों के लिए इस बार विज्ञापन निकाले हैं। इसके लिए ऑनलाइन फॉर्म एक दिसंबर 2024 की दोपहर 12 बजे से 30 दिसंबर 2024 रात्रि 11:59 बजे तक भरे जाएंगे। छत्तीसगढ़ पीएससी भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा 9 फरवरी 2025 को सुबह 10 से 12 और दोपहर 3 से 5 पांच बजे तक दो पालियों में परीक्षा होगी। वहीं मुख्य परीक्षा की संभावित तिथि 26 से 29 जून निर्धारित की गई है।

अधिसूचना जारी करने के साथ ही आयोग ने स्पष्ट किया है कि राज्य सेवा परीक्षा 2024 के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन और निर्धारित तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा। लिखित परीक्षा, इंटरव्यू और दस्तावेज सत्यापन के बाद ही उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जनवरी के अंतिम सप्ताह में जारी होने की संभावना है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी किए जाने का अर्थ यह नहीं होगा कि उसकी अभ्यर्थिता आयोग द्वारा अंतिम रूप से स्वीकार कर ली गई है। लिखित परीक्षा अथवा साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी के चिन्हांकन के बाद ही आयोग पात्रता शर्तों की जांच करेगा। विस्तृत जानकारी आयोग ने अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दी है। परीक्षा फॉर्म भी निर्धारित तिथियों में www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से उपलब्ध करवा दिए जाएंगे।

### त्रुटि सुधार के लिए मिलेंगे तीन दिन

ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार का कार्य आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद 31 दिसंबर दोपहर 12 बजे से 2 जनवरी रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकेगा। उक्त त्रुटि सुधार का कार्य केवल एक बार ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। उक्त त्रुटि सुधार निःशुल्क होगा। ऑनलाइन आवेदन में सशुल्क त्रुटिसुधार का कार्य निःशुल्क त्रुटिसुधार करने की अंतिम तिथि के बाद 3 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे से 5 जनवरी रात्रि 11:59 बजे तक किया जा सकेगा। उक्त सशुल्क त्रुटि सुधार के लिए 500 रुपए शुल्क लिया जाएगा। सशुल्क त्रुटि सुधार का कार्य भी केवल एक बार ऑनलाइन ही किया जा सकेगा।

### 18 नवंबर से शुरू हुए थे साक्षात्कार

सीजी पीएससी 2023 के लिए साक्षात्कार प्रक्रिया जारी है। 18 नवंबर से इंटरव्यू शुरू हुआ था। अंतिम साक्षात्कार 28 नवंबर को लिया जाएगा। सामान्यतः अंतिम साक्षात्कार के दिन ही परिणाम जारी करने की परंपरा रही है। ऐसे में कल परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। सीजीपीएससी-2023 के तहत मुख्य परीक्षा परीक्षा जून में हुई थी। इस परीक्षा में 3597 शामिल हुए थे, जिसमें से 703 उम्मीदावारों का चयन इंटरव्यू के लिए किया गया। जिसमें से 242 उम्मीदवारों का चयन होगा। इस बार इंटरव्यू 100 अंकों के ही होंगे। इससे पहले यह इंटरव्यू 150 नंबर का होता था। इस बार 50 नंबर की कटौती की गई है। मुख्य परीक्षा में कुल 7 पेपर हुए थे। सभी पेपर 200 नंबर के थे। इस तरह 1400 अंकों के लिए मुख्य परीक्षा हुई थी। 100 नबंर का इंटरव्यू होगा। फाइनल मेरिट लिस्ट 1500 नंबर के आधार पर बनेगी।

### डिप्टी कलेक्टर के 7, तहसीलदार के 10 व जेल अधीक्षक के 7 पद

सामान्य प्रशासन विभाग, पुलिस विभाग, वित्त विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, आबकारी विभाग सहित अन्य विभागों से पीएससी को प्रस्ताव भेजे गए थे। इस वर्ष डिप्टी कलेक्टर के 7, उप पुलिस अधीक्षक के 21, वित्त सेवा अधिकारी के 7, आबकारी के 2, लेखा सेवा अधिकारी के 32, नायब तहसीलदार के 10 पद, राज्य कर निरीक्षक के 37 पद, आबकारी उप निरीक्षक के 90 पद, जेल अधीक्षक के 7 पद सहित विभिन्न विभागों में सहायक संचालक के पद शामिल हैं।

## संविधान के 75 वर्ष...



**रायपुर।** संविधान दिवस के अवसर पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आंबेडकर चौक पर डॉ. आंबेडकर की मूर्ति पर माल्यापर्ण कर संविधान दिवस मनाया गया। कांग्रेस कार्यकर्ता संविधान को बचाना है, सामाजिक न्याय लाना है जैसे विभिन्न श्लोगन लिखे पोस्टर हाथ में रखे हुए थे। आज ही के दिन हमारा संविधान बनकर तैयार हुआ। इस दिन को याद कर हम संविधान दिवस मनाते हैं। भारत का संविधान भारत के लोकतांत्रिक धर्म निर्पेक्ष व्यवस्था ढांचे को परिभाषित करने वाला आधारभूत दस्तावेज है। संविधान में हमारे मौलिक अधिकारों के साथ-साथ हमारे कर्तव्यों की जिम्मेदारी भी याद दिलाता है। भारतीय संविधान को अपनाये हुए 75 वर्ष हो गये हैं। स्वतंत्र भारत के इतिहास में 26 नवम्बर 1949 का दिन बेहद यादगार और ऐतिहासिक था।



जिला कांग्रेस रायपुर द्वारा धरसीवां ब्लॉक के सिलतरा एवं कुथरेल से 60 दिवसीय संविधान रक्षक दिवस का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में संविधान द्वारा दिए गए अधिकार को बनाए रखने के लिए संकल्प लिया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, कन्हैया यादव, घनश्याम वर्मा, रामकुमार वर्मा, भगवानी डहरिया, लेखू वर्मा, दीपक वर्मा, सतीश प्रकाश ठाकुर सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



संविधान दिवस के अवसर पर जय बुढ़ी मां गांड़ा महासभा द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉ .भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर संविधान दिवस मनाया गया। इस मौके पर महासभा ने संकल्प लिया कि वे शिक्षा को समाज में बढ़ाने के लिए जमीन पर उतरकर, बस्ती-बस्ती जाकर शिक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। कार्यक्रम में पीतांबर सुना, देवराज महानंद, राधे नायक, श्याम सिक्का, रशीद भाई, जीतू सागर, सदाराम बेहरा आदि शामिल थे।



भारतीय संविधान के 75वें वर्ष पूर्ण होने पर मंगलवार को सतनामी समाज द्वारा न्यू राजेन्द्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में छग राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष केपी खण्डे उपस्थित रहे। जिन्होंने संबोधन में कहा, भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। जिसकी रक्षा करना देश के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है। संविधान के कारण ही लोकतंत्र में व्यक्तियों को समान अधिकार प्राप्त है। इस अवसर पर बंशीलाल कुर्रे, डॉ.जेआर सोनी, चेतन चंदेल,जीआर बाघमारे,पं.अंजोर दास बंजारे,नंदकुमार कोशले, चंपादेवी गेंदले, प्रकाश बंदे, मानसिग गिलहरे,नंदू मारकंडे, नरेश कुर्रे, प्रेमचंद सोनवानी, नरेंद्र कुर्रे, देवदास कोसले उपस्थित रहे।



देश के जेलों में बंधक लाखों कैदी, जिनमें से अनेक के दोष साबित न होने पर रिहा कर दिया जाता है, उन्हें भी चुनाव के वक्त मतदान करने का अवसर दिया जाना चाहिए। ये बातें उच्च न्यायालय के अधिवक्ता फैसल रिजवी ने भारतीय बौद्ध महासभा छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को कही। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सुरेंद्र कोलेकर ग्रुप द्वारा गीत संगीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। आयुष्मान चौरे, रुक्मिणी रामटेक, मोती माला कोल्हेकर द्वारा भीम गीतों की प्रस्तुति दी गई। गुढ़ियारी बौद्ध विहार के तथागत इंग्लिश मीडियम स्कूल तथा सावित्रीबाई फुले अकादमी के छात्र-छात्राओं द्वारा भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।



संविधान का हर एक पन्ना महत्वपूर्ण है और हर किसी को अपने संविधान की जानकरी होनी चाहिए। भारत का संविधान पूरे विश्व में अपनी समग्रता और विशिष्टता के कारण एक अलग पहचान है। संविधान राजा और प्रजा को सामान शक्ति प्रदान करता है। यह कहना डॉ. गीतेश कुमार अमरोहित का है, जिन्होंने पुरानी बस्ती स्थित अग्रसेन महाविद्यालय में वक्ता के रुप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के निदेशक डॉ. वीके अग्रवाल द्वारा की गई। इसमें प्राचार्य डॉ. यूलेंद्र राजपूत, एडमिनिस्ट्रेटर डॉ अमित अग्रवाल, प्रो.अभिनव अग्रवाल,पत्रकारिता विभाग से प्रो. हेमंत सहगल, समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष मो. रफीक खान , कंप्यूटर संकाय के प्रो. वैभव इंगले उपस्थित रहे।

● दूल्हा-दुल्हन को दिए जाने वाले उपहारों के साथ रिटर्न गिफ्ट में भी ग्राहकों को दे रहे नए विकल्प

# तोहफों में लौटी प्राचीन परंपरा... देवी-देवताओं की छवि वाले सिक्कों और बारीक काम वाले आभूषण इस बार ट्रेंड में

वेडिंग सीजन शुरु होते ही गिफ्ट दुकानों में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ती है। इस बीच रिटर्न गिफ्ट और दूल्हा-दुल्हन के लिए को क्या गिफ्ट दिया जाए? यह चिंता का विषय बना रहता है। इसे देखते हुए शहर के दुकानों में खरीदारों के बजट अनुसार गिफ्ट उपलब्ध कराए गए हैं। इन दिनों शादियों के लिए कम समय में कस्टमाइज गिफ्ट तैयार किया जा रहा है, जिसमें लोगों की पसंदानुसार वस्तुओं को जगह दी जा रही है। इसमें भी कई तरह के प्रयोग किए जा रहे हैं, जिससे तोहफा यादगार बन जाए।

**रायपुर।** ज्वेलरी शॉप संचालकों के अनुसार, सोने-चांदी के गिफ्ट में भी खरीदारों की पहली पसंद फैंसी ज्वेलरी होती है। रिटर्न गिफ्ट से लेकर दूल्हा-दुल्हन के लिए फैंसी और लाइट वेट ज्वेलरी ही खरीदी जा रही है। यह ज्वेलरी कम कीमत की होती है, जो देखने में आकर्षक होती है। वहीं फैंसी गिफ्ट दुकान संचालकों ने बताया, कस्टमाइज गिफ्ट का ट्रेंड बीते कुछ सालों से बढ़ता जा रहा है। इसमें दोस्त अपने बचपन, स्कूल और कॉलेज लाइफ की कुछ मेमोरी को फोटोफ्रेम में तैयार कराना पसंद करते हैं। इसके साथ ही ब्रांडेड वस्तुएं जैसे-पर्स, परफ्यूम, घड़ी, मेकअप प्रोडक्ट भी दिए जा रहे हैं।



### रिटर्न गिफ्ट के लिए भी सिक्के

सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली ने बताया, इस वेडिंग सीजन पुरानी ज्वेलरी डिजाइन ट्रेंड में है। जहां गोल्ड की चोकर, कुंदन ज्वेलरी और बाजूबंद की डिमांड बढ़ गई है। इसमें खरीदारों की पहली पसंद 20-30 साल पुरानी डिजाइन है। शादियों में दूल्हा-दुल्हन के लिए लाइटवेट गोल्ड-सिल्वर की ब्रेसलेट, हैंड मंगलसूत्र और पायल खरीदे जा रहे हैं। साथ ही बाजार में 18 कैरेट की रोज गोल्ड चैन, इटालियन रिंग, 14 कैरेट गोल्ड में तैयार डायमंड के आभूषण खरीदे जा रहे हैं। सोने व चांदी से बने आभूषणों की खरीदी बजट के अनुसार की जाती है, जिसे खरीदारों के बजट के अनुसार ही तैयार किया जाता है। दुकानों में रिटर्न गिफ्ट के लिए सोने व चांदी के सिक्के अभी भी चलन में है, जिसे देवी-देवताओं व फैंसी डिजाइन के साथ तैयार कराया जाता है।

### फैंसी व लाइटवेट ज्वेलरी की खरीदी

सुमित ज्वेलर्स के संचालक अशोक कांकरिया ने बताया, शादियों में रिटर्न गिफ्ट के लिए आज भी चांदी के सिक्के का चलन बना हुआ है। इसमें खरीदार अपने बजट अनुसार सिक्के के आकार में परिवर्तन करते हैं। अधिकतर देवी-देवताओं की छवि वाले सिक्कों की डिमांड रहती है। जिसकी कीमत वजन के अनुसार तय की जाती है। इसके साथ ही दूल्हा-दुल्हन के लिए फैंसी व लाइटवेट ज्वेलरी की डिमांड सबसे अधिक है। इसमें पायल, नेकलेस, पेंडेंट, चेन खरीदा जाता है।



### कपल्स के लिए फोटोफ्रेम, ट्रेव्हल किट जैसे मेमोरबल गिफ्ट

एक गिफ्ट दुकान के संचालक अर्पित कांकरिया ने बताया, शादियों के लिए रिटर्न गिफ्ट की खरीदी बजट अनुसार की जाती है। मध्यमवर्गीय परिवार 300-500 रुपए तक के बजट में अधिकतर खरीदी करते हैं। इमसें बेडशीट, ब्लैंकेट, होम डेकोरेटिव वस्तुएं और कस्टमाइज गिफ्ट खरीदना वे पसंद करते हैं। वहीं एक हजार से अधिक बजट होने पर सूटकेस, क्रॉकरी सेट की खरीदी करते हैं। दुकान में दूल्हा-दुल्हन के लिए भी कस्टमाइज गिफ्ट तैयार किया जाता है। इसमें फोटेफ्रेम, ट्रेव्हल किट जैसे मेमोरबल गिफ्ट दिए जाते हैं। कपल्स के लिए अधिकतर फैंसी और उपयोगी वस्तुओं की खरीदी कर रहे हैं। दुकान में 300 से 7000 हजार तक की वस्तुएं खरीदी जाती हैं।





### दूल्हे के लिए गिफ्ट में शामिल हुआ गेमिंग गैजेट्स

गिफ्ट दुकान संचालक अनमोल चौहान ने बताया, दुकान में डिजाइनर आर्टिफिशियल ज्वेलरी की डिमांड सबसे अधिक है। दूल्हा-दुल्हन के लिए कस्टमाइज गिफ्ट तैयार किया जा रहा है। इसमें दुल्हन के लिए आर्टिफिशियल ज्वेलरी, ब्रांडेड मेकअप प्रोडक्ट, मेमोरबल फोटो फ्रेम, कपल्स वॉच, चॉकलेट और पर्स ट्रेंड में है। वहीं दूल्हे को गेमिंग गैजेट्स, ब्रांडेड पर्स और वॉच, परफ्यूम, ट्रेव्हल टिकट दिया जा रहा। दुकान में रिटर्न गिफ्ट भी तैयार किया जाता है, जिसमें परिवार के बजट अनुसार 500 रुपए से शुरू होने वाले गिफ्ट हैंपर तैयार किए जाते हैं। इसमें ड्रायफ्रूट, चॉकलेट, थैंक्यू कार्ड, बेडशीट और भगवान की मूर्ति शामिल होती है। जिसकी कीमत 500 रुपए से 4000 रुपए तक है।

विवाह पंचमी 6 दिसंबर को, श्रृंगार पश्चात होंगी वैवाहिक रस्में

# राम-जानकी विवाह उत्सव में पीले वस्त्रों से होगा श्रृंगार, लगेगा खीर-शिरे का भोग

**रायपुर।** विवाह पंचमी के अवसर पर माता सीता एवं भगवान श्री राम के विवाह का प्रावधान है। मंदिरों में विशेष श्रृंगार एवं पूजन के साथ राम-जानकी विवाह उत्सव धूमधाम के साथ प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। इस वर्ष 6 दिसंबर को विवाह उत्सव मनाया जाएगा, जहां मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों की लंबी कतार देखने को मिलेगी। मंदिर के पुजारियों के अनुसार, सुबह से ही प्रतिमाओं का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके बाद विवाह संबंधित अन्य रस्में होंगी। महादेवघाट स्थित राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य अजय निषाद ने बताया, विवाह उत्सव के अवसर पर सुबह से श्रद्धालुओं का आगमन प्रारंभ हो जाता है। इस दौरान मंदिर में विशेष पूजा एवं भोग-भंडारा का आयोजन किया गया है। दर्शनार्थियों के लिए देर रात तक मंदिर प्रांगण खुला रहेगा, जहां वह भगवान श्री राम व माता जानकी के विशेष श्रृंगार का दर्शन कर सकते हैं।



### सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़

वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर के पुजारी हनुमंत लाल ने बताया, विवाह पंचमी के अवसर पर मंदिर में निर्धारित समय पर पूजा-अर्चना की जाएगी। श्रीराम एवं माता सीता का विशेष श्रृंगार चांदी एवं सोने के आभूषण से किया जाएगा। इस दौरान मंदिर परिसर में सुबह से ही दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी।

### सजेगी संगीत संध्या

दूधाधारी मठ टस्ट के सदस्य राम छवि ने बताया, विवाह उत्सव में पीले वस्त्र के साथ विशेष श्रृंगार किया जाता है। इस वर्ष भी स्वर्ण एवं चांदी के मुकुट, पायल, माला, चुड़ी जैसे अनेक आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा। विवाह समारोह के दौरान सुबह से विशेष श्रृंगार किया जाएगा, श्रद्धालुओं को सुबह 8 बजे से दर्शन करने को दिया जाएगा। इस अवसर पर अमलीडीह से संगीत गायन की टीम उपस्थित रहेंगी। प्रसाद में विशेष रुप से शिरा और खीर का भोग लगाया जाएगा। विवाह पंचमी से पूर्व मंदिरों में साज-सज्जा का कार्य जारी है, जो विवाह उत्सव तक पूर्ण हो जाएगा।



# संगीत में सुर और नृत्य में साधे कदमताल

**कला महोत्सव :** स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की स्पर्धा में जुटे विद्यालय

**रायपुर।** राजधानी में आयोजित कला महोत्सव में जिलेभर से कई स्कूलों के छात्र शामिल हुए। स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की कलात्मक प्रतिभा को पहचान उसे पोषित करने और शिक्षा में कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह महोत्सव देशभर में रखा जा रहा है। विकासखंड स्तर पर कला उत्सव का आयोजन सालेम इंग्लिश माध्यम विद्यालय में हुआ। इस वर्ष की थीम 'विकसित भारत वर्ष 2047' रखी गई है। महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न विधाओं में स्पर्धा हुई। इसमें एकल एवं समूह संगीत गायन, एकल एवं समूह संगीत वादन, एकल एवं समूह नृत्य, एकल एवं समूह नाटक, दृश्य कला द्विआयामी एवं दृश्य कला त्रियामी सहित पारंपरिक कहानी वाचन स्पर्धा हुई।



### विकासखंड विजेताओं को मौका

2015 से इस महोत्सव का आयोजन विभाग द्वारा किया जा रहा है। कला उत्सव का स्कूलों में उत्सव की तरह प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता रहा है। रायपुर जिले द्वारा प्रत्येक विकासखंड स्तर पर कला उत्सव का आयोजन किया। विकासखंड स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को जिला स्तर पर प्रतिनिधित्व का मौका दिया गया। सभी 6 विधाओं में प्रथम स्थान प्राप्त हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के बालक-बालिकाओं को जिला स्तरीय कला उत्सव में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। प्रत्येक विद्या के लिए त्रिस्तरीय निर्णायक दल का गठन किया गया। नृत्य प्रतियोगिता में अनविका गुप्ता प्रथम स्थान पर रही। संगीत वादन में केपीएस डूंडा के आदित्य कुर्म ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। संगीत गायन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी के माधुरी कोसले एवं साथियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल नाटक एवं समूह नाटक की प्रस्तुति में अनु पटेल एवं साथी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल एवं जिला मिशन समन्वयक केएस पटले, निशा शर्मा, संतोष शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी शामिल रहे।

फ्रीडम रायपुर रन मैराथन में देश के फिटनेस आइकन डॉ. ग्लैडसन जॉनसन शहरवासियों के साथ लगाएंगे दौड़

# 10 सालों से लोगों को फिट रखने देशभर में करवा रहे मैराथन कम उम्र में दौड़ शुरू करने से बुढ़ापे में नहीं होती अधिक समस्या

कार्नर न्यूज

**प्रदेश का सबसे प्रतिष्ठित अखबार दैनिक हरिभूमि और टीवी चैनल आईएनएच न्यूज राजधानी में भव्य फ्रीडम रायपुर रन मैराथन का आयोजन करने जा रहा है, जिसमें दौड़ को लेकर बच्चे-युवा, महिलाओं और दिव्यांगों समेत बुजुर्गों का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। इस दौड़ में देश के फिटनेस आइकन डॉ. ग्लैडसन जॉनसन शहरवासियों के साथ दौड़ लगाते हुए नजर आएंगे।**

रायपुर। हरिभूमि से खास बातचीत में बताया कि बीते 15 सालों से बतौर स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में कार्य कर रहा हूं। 10 सालों से देशभर में मैराथन का आयोजन करवा रहा हूं, ताकि लोग अपनी सेहत के प्रति जागरूक हों। उनका कहना है कि केवल दौड़ लगाने से ही व्यक्ति खुद को बीपी, शुगर और थायराइड जैसी गंभीर बीमारियों से बचा सकता है। अगर कम उम्र में दौड़ को जीवन में शामिल करते हैं, जो उम्र भी लंबी होती है और बुढ़ापे में शरीर में शक्ति भी होती है। उनका कहना है कि मैराथन के आयोजन से लोगों के साथ मैं दौड़ लगाकर सालों से सेहत को मजबूत बना रहा हूं। दौड़ को लेकर हमेशा उत्साहित रहता हूं। मेरा लक्ष्य है कि लोग अधिक से अधिक दौड़ लगाएं। यह सेहत के लिए अब अधिक जरूरी बन चुका है। खानपान को अच्छा करने के साथ अगर कोई रोज दौड़ लगाता है, तो वह अपने शरीर को पूरी तरह से सेहतमंद बना देता है।




### हर दिन 15 किमी की दौड़

डॉ. ग्लैडसन जॉनसन स्पोर्ट्स फिजियोथेरेपिस्ट के रूप में 21 वर्षों से बेंगलुरू में अभ्यास कर रहे हैं। उनका क्लिनिक भी हैं। उनका कहना है कि व्यायाम ही चिकित्सा है। व्यायाम कर आप हॉस्पिटल जाने से बचा सकते हैं। मैराथन में लोगों को यही बताता हूं। ग्लैडसन ने बताया कि उनके पास मार्शल आर्ट में अब तक 3 ब्लैक बेल्ट हैं। खुद को फिट रखने के लिए रोज 15 किलोमीटर दौड़ लगाते हैं। उनका कहना है कि आज मुझे किसी भी प्रकार की कोई भी बीमारी नहीं है। रायपुर में मैराथन के जरिए लोगों को सेहत के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### दो वर्ग में होगा मैराथन

मैराथन में दो वर्ग दस और पांच किलोमीटर की दौड़ के रखे गए हैं। दोनों वर्ग में पहले स्थान पर आने वाले पुरुष और महिला प्रतियोगी को नगद पुरस्कार दिया जाएगा। जहां दस किलोमीटर के विजेताओं को 50-50 हजार रुपए नकद मिलेंगे, वहीं पांच किलोमीटर के वर्ग के विजेताओं को 25-25 हजार रुपए बतौर पुरस्कार दिए जाएंगे। मैराथन में हर आयु वर्ग को दौड़ने मंच मिलने वाला है। इस मैराथन में बस्तर के युवा भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। राजधानी में भी दौड़ के जरिए लोगों को शारीरिक क्षमता और फिटनेस व खेल से जोड़ेंगे।

### मैराथन में इनका विशेष सहयोग

टाइटल स्पांसर फ्रीडम सनफ्लावर ऑयल, एसोसिएट स्पांसर भारतवासी अगरबत्ती, कंक्रीट टीएमटी, आईबी ग्रुप, एबिस, रूंगटा समूह आर-1 , रामा टीएमटी, वचन, इफको , संजीवनी कैंसर केयर फाउंडेशन, आउटडोर पार्टनर ए.एस.ए एडवरटाइजर, विशेष सहयोग छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं रायपुर पुलिस, खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ का है।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की तनु बनीं बालिका युगल की जूनियर राष्ट्रीय विजेता



**रायपुर।** भुवनेश्वर उड़ीसा में 19 नवंबर से 25 नवंबर तक खेली गई जूनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में पहली बार छत्तीसगढ़ की तनु चंद्रा को बालिका युगल में राष्ट्रीय विजेता बनने का गौरव हासिल हुआ है। इसी तरह बालक युगल में छत्तीसगढ़ के दिव्यांश अग्रवाल एवं मानस भट्टाचार्य ने कांस्य पदक हासिल किया। छत्तीसगढ़ बनने के बाद से यह पहला अवसर है जब बैडमिंटन की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में युगल मुकाबले में छत्तीसगढ़ को दो पदक प्राप्त हुए हैं। जूनियर खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ ने खुशी जताई है। छत्तीसगढ़ बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विक्रम सिसोदिया , सचिव संजय मिश्रा एवं समस्त पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को बधाइयां दी है।

### मुश्ताक अली ट्रॉफी में शुभम की शानदार पारी



**रायपुर।** बीसीसीआई की ओर से सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 23 नवंबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का पहला टी-20 मैच 25 नवंबर 2024 को विशाखापटनम में पुदुच्चेरी टीम के विरुद्ध खेला गया। पुदुच्चेरी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 166 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से शुभम अग्रवाल ने नाबाद 49 रन तथा गगनदीप सिंह ने नाबाद 44 रनों की पारी खेली। दोनों के मध्य आठवें विकेट के लिये 92 रनों की साझेदारी हुई। जिसकी सहायता से टीम ने खराब शुरुवात से उबरते हुये सम्मानजनक स्कोर बनाया। पुदुच्चेरी की ओर से गौरव यादव तथा शफीक ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पुदुच्चेरी की टीम ने 19.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर 168 रन बनाये तथा मैच जीत लिया। पुदुच्चेरी की ओर से अरुण कार्तिक ने 52 रन तथा अजय रोहेरा ने 39 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से शुभम अग्रवाल तथा अजय मंडल ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। पुदुच्चेरी ने मैच 6 विकेट से जीत लिया।

### टेटे में आर्यन, समाया और नैतिक बने विजेता




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर की ओर से 23 और 24 नवंबर को सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में आयोजित ₹स्व. श्री ज्ञान चंद लुनिया स्मृति-आठवीं रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024₹ संपन्न हुयी। सब जूनियर खिलाड़ी आर्यन सिंह सीनियर पुरुष एकल वर्ग में विशाल डेकाटे एवं एंड्रयू टी विलियम्स को हराकर प्रतियोगिता में बड़ा उलटफेर करते हुये विजेता बने, समाया पांडे ने सीनियर महिला एकल वर्ग एवं सब जूनियर (अंडर-15) बालिका एकल वर्ग में विजेता बनकर दोहरा खिताब जीता तथा सब जूनियर (अंडर-15) बालक एकल वर्ग में नैतिक अग्रवाल विजेता बने। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि एच.डी.एफ.सी. बैंक, रायपुर के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट मंदार कुलकर्णी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी ने की। इस अवसर पर मुख्य निर्णायक प्रिया चावड़ा, पी.एन. मजूमदार और अजीत बनर्जी उपस्थित थे। मंच संचालन प्रवीण निरापुरे ने किया। प्रतियोगिता के सभी वर्गों के अंतिम परिणाम में सीनियर पुरुष वर्ग में विजेता - आर्यन सिंह, उपविजेता-विशाल डेकाटे 2-0 तृतीय-एंड्रयू टी विलियम्स सीनियर महिला वर्ग में विजेता -समाया पांडे,उपविजेता-आहना सिंह 2-0 तृतीय-आरना खोटेले सब जूनियर (अंडर -15) बालक वर्ग,विजेता-नैतिक अग्रवाल, उपविजेता- तेजस जादवानी 2-0 तृतीय- कविश काला सब जूनियर (अंडर -15) बालिका वर्ग विजेता-समाया पांडे, उपविजेता-लावण्या पांडे 2-1 रहे। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रिया चावड़ा एवं सहायक निर्णायक पी.एन. मजूमदार थे। उपरोक्त जानकारी राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

#### मौसम के बदलाव के साथ ही दिखाई देते हैं शरीर में संक्रमण के लक्षण

# एलर्जी के कारण खांसी होने पर नजर आते हैं ये लक्षण, राहत के लिए जरूर अपनाएं घरेलू इलाज

मौसम करवट लेते ही इंफेक्शन और एलर्जी की समस्या बढ़ जाती है। इससे लोगों को सर्दी और जुकाम की समस्या होती है। एलर्जी से होने वाली खांसी एक बहुत ही कॉमन समस्या है जो धूल, पराग कण जैसी चीजों के संपर्क में आने से हो जाती है। हालांकि इसका इलाज न किए जाए तो आप लंबे वक्त तक परेशान रह सकते हैं। कई बार तो लोगों को समझ ही नहीं आता है कि उन्हें किस वजह से खांसी हो रही है। ऐसे में आज हम आपको बताएंगे कि आखिर एलर्जी वाली खांसी होने पर कौन से लक्षण दिखाई देते है।

एलर्जिक खांसी आपके शरीर की एलर्जेन के प्रति प्रतिक्रिया है, यह एक सामान्य लक्षण है जो धूल के कण, पालतू जानवरों की रूसी और पराग जैसे विभिन्न सामान्य एलर्जेन द्वारा ट्रिगर किया जा सकता है। जब आप किसी एलर्जेन को साँस के ज़रिए अंदर लेते हैं, तो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली सूजन पैदा करने वाले पदार्थों को छोड़ कर प्रतिक्रिया करती है। यह सूजन आपके वायुमार्ग को प्रभावित कर सकती है और लगातार खांसी का कारण बन सकती है, जिसे अक्सर एलर्जी खांसी कहा जाता है। कुछ मामलों में, खांसी की प्रतिक्रिया वायुमार्ग में अतिरिक्त बलगम के संचय से शुरू होती है, जो एलर्जिक राइनाइटिस के कारण होने वाले पोस्टनासल ड्रिप का एक सामान्य परिणाम है। इससे लगातार खांसी या गंभीर खांसी हो सकती है, जो पराग के मौसम में विशेष रूप से परेशान करने वाली हो सकती है।



### एलर्जी के कारण खांसी होने पर नजर आते हैं ये लक्षण

गले में खुजली होकर खांसी आना,गले में बहुत ही ज्यादा खराश होना,गले में दर्द होना,पानी या कुछ भी लिक्विड पदार्थ घोंटने में परेशानी होना,नाक कान में खुजली होना,नाक बंद हो जाना और छींक आना ,बुखार,सिर दर्द और छाती में जकड़न होना एलर्जी संबंधी खांसी आपके दिनचर्या को प्रभावित कर सकती है, लेकिन कुछ ऐसे घरेलू उपाय हैं जो लक्षणों से राहत देने में मदद कर सकते हैं। तुलसी की चाय पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो गले से जुड़े संक्रमण कम करने में कारगर होती है। स्टीम लेने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। आप पुदीने के पत्तों को गर्म पानी में डाल कर भाप लें। इससे गले से लेकर फेफड़ों तक की सफाई होती है। गले में मौजूद एलर्जीक कण निकल जाते हैं। अदरक औषधीय गुणों से भरपूर होता है ऐसे में आप अदरक का सेवन करके एलर्जी को दूर कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आफ अदरक के छोटे टुकड़ों को पानी में उबालकर पी सकते हैं। नमक के पानी से गरारे करने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। नमक वाला पानी मुंह और गले में मौजूद बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है।

*एलर्जी के कारण खांसी होने पर नजर आते हैं ये लक्षण :* गले में खुजली होकर खांसी आना,गले में बहुत ही ज्यादा खराश होना,गले में दर्द होना,पानी या कुछ भी लिक्विड पदार्थ घोंटने में परेशानी होना,नाक कान में खुजली होना, नाक बंद हो जाना और छींक आना ,बुखार, सिर दर्द और छाती में जकड़न होना। एलर्जी संबंधी खांसी आपके दिनचर्या को प्रभावित कर सकती है, लेकिन कुछ ऐसे घरेलू उपाय हैं जो लक्षणों से राहत देने में मदद कर सकते हैं।

तुलसी की चाय पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें एंटी इंफ्लेमेटरी, एंटी बैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं जो गले से जुड़े संक्रमण कम करने में कारगर होती है। स्टीम लेने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। आप पुदीने के पत्तों को गर्म पानी में डाल कर भाप लें।



इससे गले से लेकर फेफड़ों तक की सफाई होती है। गले में मौजूद एलर्जीक कण निकल जाते हैं। अदरक औषधीय गुणों से भरपूर होता है ऐसे में आप अदरक का सेवन करके एलर्जी को दूर कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आफ अदरक के छोटे टुकड़ों को पानी में उबालकर पी सकते हैं। नमक के पानी से गरारे करने से भी खांसी में आराम मिल सकता है। नमक वाला पानी मुंह और गले में मौजूद बैक्टीरिया को मारने में मदद करता है।

## सिसोदिया ने राष्ट्रीय खेल छत्तीसगढ़ में आयोजित करने चर्चा की उषा से



- छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी को मान्यता पत्र देने दिया धन्यवाद

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के जनरल सेक्रेटरी डॉ विक्रम सिंह सिसोदिया ने भारतीय ओलम्पिक संघ की अध्यक्ष पी टी उषा से मुलाक़ात कर छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की नई कार्यकारिणी को मान्यता पत्र देने हेतु धन्यवाद दिया। इसके साथ ही उन्होंने सुश्री उषा से आगामी राष्ट्रीय खेल छत्तीसगढ़ में आयोजित करने के लिए किए गए एमओयू पर चर्चा की। जिस से छत्तीसगढ़ को भी राष्ट्रीय खेल की मेज़बानी का मौका मिल सके। भारतीय ओलम्पिक संघ के द्वारा छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के जनरल सेक्रेटरी डॉ विक्रम सिंह सिसोदिया और ख़ज़ांची संजय मिश्रा को एक नई ज़िम्मेदारी देते हुए 38 वें नेशनल गेम्स उत्तराखण्ड की एनएसएफ/एसओए कोआर्डिनेशन कमेटी में सदस्य बनाया गया है। छत्तीसगढ़ के खेल जगत के लिये यह बहुत ही गर्व की बात है। इस नई ज़िम्मेदारी में वे सभी राष्ट्रीय खेल संघों और सभी राज्य ओलंपिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कोआर्डिनेशन कर खिलाड़ियों और साथ आ रहे ऑफिशियल की उचित व्यवस्था का ध्यान रखेंगे। जिसका लाभ छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियो और ऑफिशियल्स को भी होगा। उक्त नई ज़िम्मेदारी देने के लिए भी डॉ. सिसोदिया ने इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष पी टी उषा को धन्यवाद दिया है।

## नेशनल कराते चैंपियनशिप के लिए प्रदेश के खिलाड़ियों का चयन

**रायपुर।** नोएडा स्थित गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में नेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। ऑल इंडिया कराते डू फेडरेशन और दिल्ली कराते एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के 25 राज्यों से लगभग 800 से अधिक सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ी शामिल होने जा रहे हैं। इसमें प्रदेश के 25 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे।

**शिविर में उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन :** छत्तीसगढ़ कराते संघ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल और सचिव अजय साहू ने प्रतियोगिता संबंधित जानकारी दी। प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन करने के पश्चात नेशनल चैंपियनशिप में ले जाया जा रहा है। खिलाड़ियों का चयन करने के लिए नेताजी सुभाष स्टेडियम में शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रदेशभर के अनेक शहरों से खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ियों में आदित्य झा,अभिषेक पांडे, भविष्य श्रीगंगे, हुजैफा आजाद, अभिमन्यु प्रताप सिंह, संकल्प श्रीवास्तव, कोपेश्वर साहू, हर्ष अवस्थी ,शौर्य साहू, छत्रपाल साहू, हर्ष यादव ,शौर्य लोनारे, अभिषेक व्यास ,रणवीर सिंह ठाकुर,नेहा खुटी, इकरा फातिमा, शांभवी पांडया,आयशा कुरैशी, भूमिका ठाकुर, गायत्री साहू, ट्विंकल दौडिया, कुमुद दौडिया, ईशा हिवार, नम्रता टंडन के नाम शामिल हैं।





## सेहत से जुड़ी समस्याओं को दूर करने बेहतर विकल्प है योगासन

सर्दियों में सेहत से जुड़ी कई समस्याएं परेशान करती हैं। ऐसे में आप रोजाना इस योगासन को घर पर आसानी से करके खुद को फिट रख सकते हैं। ऐसे में परेशान होने की बजाय, अपने फिटनेस रूटीन में इस आसान योगासन को शामिल करें। जी हां, हम तितली आसन के बारे में बात कर रहे हैं। इसे आप आसानी से घर पर करके हेल्थ से जुड़ी कई समस्याओं को दूर कर सकती हैं। इसके बारे में हमें अक्षर योग केंद्र के संस्थापक, योग और आध्यात्मिक गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर बता रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है, "तितली आसन योग में सबसे महत्वपूर्ण आसनों में से एक है, जिसके बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं। इसे द बटरफ्लाई पोज के नाम से भी जानते हैं। तितली आसन का नाम वास्तव में संस्कृत के शब्दों से आया है और सभी शब्दों को मिलाकर इसका उच्चारण बनता है। यह आसन तितली की शारीरिक मुद्रा से काफी मिलता-जुलता है, इसलिए इस आसन को तितली आसन का नाम दिया गया है।"

### तितली आसन के स्वास्थ्य लाभ

तितली आसन के बहुत सारे स्वास्थ्य लाभ हैं, उनमें से कुछ स्वास्थ्य लाभों में थाइज, हिप्स और काफ को मजबूत करना, पाचन स्वास्थ्य में सुधार करना, डिलीवरी को नेचुरली बढ़ावा देना, थाइज एरिया के फैट को कम करना, लिवर और किडनी के कार्य में सुधार करना और तनाव और चिंता से राहत देना शामिल है।



### थाइज, हिप्स और पिंडली को करता है मजबूत

तितली आसन रेगुलर करने इन तीनों हिस्सों की मसल्स पर स्ट्रेच आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि आसन करते समय मसल्स पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे इन हिस्सों में ब्लड फ्लो बढ़ जाता है। इसके अलावा, इससे ज्यादा मात्रा में ऑक्सीजन और पोषण मिलता है, जिससे मसल्स में मजबूती आती है।


### किडनी और लिवर के काम में होता है सुधार

यह किडनी और लिवर में प्रेशर बनाता है, जो स्ट्रेस हार्मोन का उत्पादन करता है और किडनी और लिवर को बेहतर कार्य करने के लिए उत्तेजित करता है। इसके अलावा, यह लिवर और किडनी में जमा फैट को कम करता है।

### पाचन स्वास्थ्य में करता है सुधार

यह पाचन संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज को रोकता है, क्योंकि तितली आसन करते समय पेट और आंतों पर प्रेशर बनता है, जिससे शरीर तनाव पैदा करता है। रोजाना इस योगासन को करने से पाचन तंत्र का कार्य बढ़ता है, जो उचित मल त्याग में सुधार करता है और यह पाचन रस और एंजाइम के उत्पादन को बढ़ाता है। इसके अलावा, यह जटिल प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट को आसानी से पचाता है।





















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'एफ 1' के सेट पर चक्कर खाकर गिरे ब्रैड पिट, आनन-फानन में ले गए अस्पताल



ब्रैड पिट अपनी अगली फिल्म 'एफ 1' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इसी बीच अभिनेता के प्रशंसकों के लिए चिंता वाली खबर सामने आई है। अभिनेता फिल्म के सेट पर बेहोश हो गए और उन्हें तत्काल प्रभाव से अस्पताल ले जाया गया।

वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स की फिल्म 'एफ 1' अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। ब्रैड पिट अभिनीत इस फिल्म का लुत्फ आप 25 जून, 2025 को उठा सकेंगे। वहीं, यूएस और कनाडा में यह 27 जून, 2025 को दस्तक देगी। शूटिंग जोरो-शोरों से जारी है। वहीं, हालिया रिपोर्ट की मानें तो मुख्य अभिनेता सेट पर बेहोश होकर गिर गए, जिसके तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ गया। आइए ब्रैड पिट के स्वास्थ्य अपडेट पर गौर फरमा लेते हैं- हालिया रिपोर्टों के अनुसार, मुख्य अभिनेता ब्रैड पिट को एक दुर्घटना सीन को फिल्माने के दौरान ग्रिड पर बेहोश होकर फर्श पर गिरते हुए देखा गया था। 'एफ 1' टीम द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, पिट को ड्राइविंग गियर पहने हुए, एक रेस दुर्घटना के सीन को फिल्माते वक्त पहले लड़खडाते हुए और फिर बेहोश होकर जमीन पर गिरते देखा जा सकता है। पिट की टीम ने एक बयान जारी किया, 'क्वालीफाइंग के दौरान, सन्नी पर एक महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा जिसके लिए तत्काल चिकित्सा मूल्यांकन की आवश्यकता थी। इस परिमाण की घटनाओं को हमेशा गंभीरता से लिया जाता है, और सन्नी का स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।'

### टॉलीवुड

## प्रभास की नई फिल्म के सेट से लीक हुई तस्वीरें, जानिए क्या है इनमें खास?





पैन-इंडिया स्टार प्रभास और निर्देशक हनु राघवपुडी की आगामी फिल्म इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। इस फिल्म की घोषणा एक भव्य तरीके से की गई थी। इसके बाद से फिल्म की शैली और बजट को लेकर अब तक कई रिपोर्ट्स सामने आ चुकी हैं। हाल ही में फिल्म के सेट से कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर जमकर वायरल होने लगीं। इनमें पुरानी कारें और कई बस नजर आ रहे हैं। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद के अलीपुर जेल में हो रही है, जहां 1930 के दशक में नेताजी सुभाष चंद्र बोस को बंदी बनाया गया था। गौर करने वाली बात यह है कि 1908-1909 में अलीपुर जेल में हुए मुकदमे ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अहम मोड़ ला दिया था और युवाओं को काफी प्रेरित किया था। 'फौजी' नाम से बन रही इस फिल्म को द्वितीय विश्व युद्ध के पृष्ठभूमि पर आधारित एक भव्य ऐतिहासिक रोमांटिक ड्रामा बताया जा रहा है। फिल्म का निर्माण मैत्री मूवी मेकर्स कर रहे हैं। इसमें प्रभास एक सैनिक का किरदार निभाने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में महिला प्रधान भूमिका के लिए इमान वेलानी को कास्ट किए जाने की चर्चा है।

फिल्म में विशाल चंद्रशेखर का संगीत सुनने को मिलेगा। वहीं, कोटागिरी वेंकटेश्वर राव संपादन और सुदीप चटर्जी के हाथ में छायांकन की कमान है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का बजट लगभग 400 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

वर्क फ्रंट की बात करें तो प्रभास के पास इस समय कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स हैं, जिनमें द राजा साब, कल्कि 2898 एडी का सीक्वल और सलार 2 जैसी फिल्में शामिल हैं। द राजा साब की शूटिंग इस साल के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है। इस फिल्म में निधि अग्रवाल, अनुपम खेर, मुरली शर्मा, मलविका मोहनन, संजय दत्त, जिषु सेनगुप्ता और योगी बाबू जैसे कलाकार भी नजर आएंगे।

### भोजपुरी

## सुपरस्टार अरविंद की फिल्म 'मेरे जीवन साथी' का ट्रेलर रिलीज



भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू और निर्माता निशांत उज्जवल की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मेरे जीवन साथी' का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। यह ट्रेलर धमाकेदार और इमोशनल दृश्यों से भरपूर है, जिसने दर्शकों के दिलों में एक गहरी छाप छोड़ी है। फिल्म में प्रेम, एक्शन और रोमांस का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। फिल्म की कहानी दहेज और शिक्षा से जुड़ी है, जिसमें कल्लू एक ऐसे किरदार में नजर आ रहे हैं, जो अनपढ़ है और उसकी शादी नहीं हो रही। फिर उसे स्कूल टीचर से प्यार होता है और फिर जो होता है। उसके लिए फिल्म का इंतजार करना होगा। निर्माता निशांत उज्जवल ने फिल्म 'मेरे जीवन साथी' को लेकर कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसे बनाने में हमारी पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत की है। कहानी, संगीत, निर्देशन और कलाकारों का प्रदर्शन सभी बेहद शानदार है। यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है, बल्कि एक ऐसा अनुभव है, जो दर्शकों के दिलों को छूएगा। हमने कोशिश की है कि भोजपुरी सिनेमा को एक नया आयाम दिया जाए और दर्शकों को एक बेहतर सिनेमाई अनुभव मिले।' उन्होंने आगे कहा, 'अरविंद अकेला कल्लू और मेघाश्री जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ काम करना अद्भुत रहा। पूरी टीम का समर्पण फिल्म में साफ झलकता है। हमें उम्मीद है कि दर्शक इस फिल्म को उतना ही प्यार देंगे, जितनी लगन से इसे बनाया गया है।

## धूप-छांव का फैशन




मशहूर डिज़ाइनर कुणाल रावल ने इंडियन कॉउचर वीक में अपने बेहतरीन कलेक्शन 'धूप छांव' को प्रदर्शित किया। युवा भारत की उभरती हुई जीवंतता से प्रेरणा लेते हुए, रावल ने अपने परिधानों में 3डी प्रिंटिंग, जीरो-वेस्ट पैटर्न कटिंग और आकर्षक मेटैलिक को उभारा हैं जो पुरुषों के फैशन के लिए नए मानक स्थापित करते हैं।

## माइल्ड शैम्पू और इन्हें इस्तेमाल करने के फायदे




ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें माइल्ड शैम्पू के बारे में जानकारी ही नहीं होती है। ऐसे में वे किसी भी शैम्पू से हेयर वॉश करना शुरू कर देते हैं। जबकि माइल्ड शैम्पू बालों के नेचुरल ऑयल को बरकरार रखते हुए उसे क्लीन करते हैं।

जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है, माइल्ड शैम्पू बालों (बालों के लिए उपाय) पर अधिक जेंटल होते हैं। इन्हें बिना किसी हार्श केमिकल की मदद से तैयार किया जाता है। यह सल्फेट और पैराबेन फ्री होते हैं। माइल्ड शैम्पू बनाते समय नेचुरलर इंग्रीडिएंट का इस्तेमाल किया जाता है। माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करने से उनके नेचुरल (नेचुरल डाइट)ऑयल पर नेगेटिव असर नहीं पड़ता है।


जिसके कारण स्कैल्प की केयर करने में मदद मिलती है। अगर आपके बाल बहुत गंदे होते हैं और आप हर दिन हेयर वॉश करना चाहते हैं तो ऐसे में माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करना अच्छा रहता है। इनमें हानिकारक केमिकल्स नहीं होते हैं, इसलिए वे बालों पर जेंटल होते हैं। सेंसेटिव स्कैल्प पर केमिकल युक्त शैम्पू जलन पैदा कर सकते हैं। लेकिन माइल्ड शैम्पू को नेचुरल इंग्रीडिएंट्स की मदद से तैयार किया जाता है, इसलिए वे जलन, खुजली या फिर रेडनेस की संभावना को कम करते हैं।

जहां रेग्युलर शैम्पू बालों को रूखा बनाते हैं, वहीं माइल्ड शैम्पू बालों को क्लीन करने के साथ-साथ उन्हें कंडीशन करने में भी मदद करते हैं। कलर्ड हेयर के लिए भी माइल्ड शैम्पू अच्छे माने जाते हैं। वे बालों के कलर को लंबे समय तक ऐसे ही बनाए रखने में मदद करते हैं। माइल्ड शैम्पू को नेचुरल इंग्रीडिएंट्स की मदद से तैयार किया जाता है, जिसके कारण इनसे बालों को पोषण भी मिलता है। साथ ही साथ, ये स्कैल्प के पीएच बैलेंस को भी बनाए रखते हैं।

## पहली डेट पर खुद को ऐसे करें तैयार वो होंगी जरूर इंप्रेस और बढ़ेगा प्यार




पहली डेट है और ड्रेसिंग को लेकर चिंता बनी हुई है तो 'डोंट वरी' क्योंकि पहली डेट के लिए ड्रेसिंग का सही तरीका हम आपको बताए देते हैं। इन टिप्स के साथ आपकी पहली डेट पर आप परफेक्ट दिखेंगे। उनको आपका लुक पसंद आएगा और वो आपसे इम्प्रेस भी जरूर होंगी। आपको बेहतरीन लुक्स और ड्रेसिंग के लिए क्या करना होगा, जान लेते हैं-



### ध्यान से चुनें कपड़े

आप ब्रांड को लेकर बहुत सोचते हैं तो डेट पर अपनी ये सोच पीछे छोड़ दीजिए। आप भले ही अच्छे ब्रांड के कपड़े न पहनें लेकिन वो कपड़े जरूर पहनें जो आप पर अच्छे से फिट होते हैं। सिर्फ ब्रांड दिखाने के लिए महंगे कपड़े पहनने से बचें। इस वक्त जिन कपड़ों में अक्सर आपको तारीफ सुनने को मिलती है, उन्हें ही पहनें.

### सही लगूंगा या नहीं

जिन कपड़ों को पहनकर लुक को लेकर जरा भी डाउट आए उन्हें आप छोड़ दीजिए, उन्हें न पहनना ही सही रहेगा। या ये कहें जो पहना है उसमें आत्मविश्वास महसूस हो, तब ही उसे कैरी करें.

### चमकदार कलर को कहें न



बहुत चमकदार रंग पहनने से बचें। ऐसे रंग पहनें जो एकदम से ध्यान न खींचें। चमकदार रंगों के साथ आपका इम्प्रेशन खराब पड़ सकता है। क्योंकि ऐसे रंग सब पर अच्छे नहीं लगते हैं। और ये सबको भी अच्छे नहीं लगते हैं। इसलिए ऐसे रंगों से बचें।

### ये तो बिल्कुल नहीं

ग्राफिक टी शर्ट आपका स्टाइल है। आप इसमें खुद के लुक को बेस्ट पाते हैं तो भी इन्हें डेट पर पहनने के बारे में सोचिएगा भी नहीं। ग्राफिक टीशर्ट के साथ कार्गो शॉर्ट्स और सैंडल वगैरह भी बिल्कुल न पहनें। इस तरह के कपड़े और ड्रेसिंग से पहली डेट पर बचें।

### ग्रूमिंग भी है जरूरी

आप कपड़ों को लेकर कितनी भी तैयारी कर लीजिए लेकिन अपनी ग्रूमिंग को बिल्कुल न भूलिए।

## कोरियन स्टाइल स्किन केयर कर सकते हैं पुरुष भी, आसान टिप्स को अपनाएं



कोरियन स्किन केयर आजकल सेल्फ केयर में सबसे कॉमन वर्ड बन चुका है। लेकिन अक्सर कोरियन स्किन केयर को महिलाओं से जोड़कर देखा जाता है। पर अब नहीं। पुरुष भी कोरियन स्किन केयर को अच्छे से इस्तेमाल कर सकते हैं और स्किन को बेहतर भी कर सकते हैं। ये काम कठिन बिलकुल नहीं है।लेकिन हां, ये उन पुरुषों के लिए ही है जो सच में स्किन केयर पर समय देते हैं। ये उनके लिए बिल्कुल नहीं है जो सिर्फ अच्छे कपड़े पहनकर और डियो छिड़क कर चल देते हैं।

कोरियन स्किन का त्वचा पर असर जल्दी दिखता है लेकिन इसको इस्तेमाल करने में समय भी देना पड़ता है।

कोरियन मानते हैं कि आप अपना भविष्य अपने चेहरे में देख सकते हैं। इसलिए वो अपने चेहरे पर खूब ध्यान देते हैं। इसमें हायड्रेशन, पोषण और सुरक्षा सबकुछ शामिल होता है। ये लम्बी प्रकिया होती है लेकिन एक बार लाइफस्टाइल में शामिल हो जाने के बाद इसको आजमाना दिक्कत नहीं देता है।

कोरियन स्किन केयर का ये पहला स्टेप है। इसमें ऑयल बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो स्किन से प्रदूषण और गंदगी को निकाल देता है। इससे स्किन को तेल का पोषण भी मिलता है जो अंदर तक स्किन को रिलैक्स भी कर देता है। इससे सुबह या रात को सोने से पहले मसाज करें।

ऑयल बेस्ड क्लींजिंग के बाद कोरियन स्किन केयर में डबल क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए वॉटर बेस्ड क्लींजर ही इस्तेमाल करें। दरअसल माना जाता है वॉटर बेस्ड क्लींजर, पानी से जुड़ी अशुध्दता को कम करते हैं। इसको सुबह या रात में सर्कुलर मोशन में लगाएं। कोरियन स्किन केयर में एक्सफोलिएटर के तौर पर अखरोट, चावल या नमक का इस्तेमाल किया जाता है ।

## आपकी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं ये लिपस्टिक शेड्स, हर कोई करेगा तारीफ



शादियों का सीजन शुरू हो चुका है। ऐसे में किसी न किसी के घर-परिवार में शादियां तो हो रही हैं। दरअसल, जब भी हम किसी शादी-पार्टी में जाते हैं तो खुद को सबसे स्पेशल दिखाने के लिए कुछ न कुछ अलग करते ही हैं।

वहीं, बात जब महिलाओं की आती है तो उनको तैयार होने में पुरुषों के मुकाबले थोड़ा ज्यादा समय लगता है, क्योंकि वो मेकअप करती हैं। पर इसमें एक सबसे जरूरी चीज होती है जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाती हैं और वो है लिपस्टिक।

बाजार में लिपस्टिक के कई शेड्स उपलब्ध हैं, जिनमें से महिलाएं अपनी पसंद की चुनती हैं। पर कई बार एक ही शेड्स का बार-बार इस्तेमाल करने की वजह से आपके लुक पर कोई खास ध्यान नहीं दे पाता। इसलिए इस बार शादी-पार्टी में आप कुछ खास लिपस्टिक शेड्स लगाकर जा सकती हैं।

**न्यूड शेडः** अगर आप चाहें, तो आप न्यूड शेड की लिपस्टिक भी लगा सकती हैं। दरअसल, ये शेड आपको सटस और सिंपल मेकअप लुक में और भी कमाल का लुक दे सकता है। इसकी सबसे खास बात ये है कि ये न्यूड शेड आपके होठों को कलर तो देती है, लेकिन ड्रमेटिक लुक नहीं देती है।

**प्लम शेडः** आप अगर शादी में हल्का मेकअप करके जा रही हैं, तो आप यहां पर प्लम शेड वाली लिपस्टिक लगा सकती हैं। ये शेड आपको सबसे अलग करने में मदद कर सकता है।

कार्नर न्यूज

### वेस्टर्न कल्चर से प्रभावित फैशन बनाया जाता है बॉडी टाइप के अनुसार

## दिखना चाहती हैं छरहरी तो वॉर्डरोब में शामिल करें ऐसी ड्रेस, मिलेगी भरपूर सराहना

*फैशन में हैं एक्स-लाइन ड्रेसेस। फैशन के गलियारों में इतने ट्रैंड्स आपको देखने को मिल जाएंगे कि कुछ के तो आप नाम तक नहीं जानते होंगे। कई बार तो आपने जो आउटफिट पहना हुआ आपको उसी के बारे में सही से पता नहीं होता है। ऐसे में वेस्टर्न कल्चर से प्रभावित आउटफिट्स के बारे में जानना तो आपके लिए और भी ज्यादा मुश्किल हो जाता होगा। वेस्टर्न कल्चर से प्रभावित फैशन की एक खास बात होती है कि उसे बॉडी टाइप के अनुसार बनाया जाता है और आउटफिट का नाम भी उसी प्रकार से रख दिया जाता है।*

### क्या होती हैं एक्स लाइन ड्रेसेस?

इन ड्रेसेस को देखने पर आपको अनुभव होगा कि यह एक्स एल्फाबेट से इंस्पायर्ड हैं और इनका शेप भी लगभग वैसा ही होता है। इसलिए आपको इसकी नेकलाइन अधिकतर क्रिस-क्रॉस स्टाइल में ही मिलेगी। कुछ में हॉल्टर नेकलाइन भी आपको दिख सकती हैं।

वैसे तो यह दोनों ही नेकलाइन आपको इंडियन एथनिक आउटफिट्स में नजर आ जाएंगी, मगर एक्स-लाइन स्टाइल आपको वेस्टर्न ड्रेसेस में ही देखने को मिलेगा। इस तरह की ड्रेस फ्लेयर्ड होती हैं,मगर इनमें अम्ब्रेला कट घेर नहीं होता है।

आपको एक्स-लाइन ड्रेसेस में स्ट्रैप ड्रेसे सबसे ज्यादा नजर आएंगी। यदि आपको नाइट पार्टी लुक चाहिए, तो इस तरह की ड्रेस आपके लिए बहुत अच्छा विकल्प हो सकती हैं।

### किस बॉडी टाइप के लिए होती हैं एक्स लाइन ड्रेसेस?.



बॉडी टाइप के कई प्रकार होते हैं और इनमें से एक है आवरग्लास। एक्स-लाइन ड्रेसेस इस बॉडी टाइप के लोगों पर बहुत अच्छी नजर आती हैं। दरअसल, इस बॉडी टाइप में कंधों से ज्यादा बॉटम पार्ट चौड़ा होता है, जिससे कमर भी चौड़ी नजर आती है। कम को पतला दिखाने, कंधों को डिफाइन करने और बॉडी के लोअर पार्ट को छुपाने के लिए आप एक्स-लाइन ड्रेस पहन सकती हैं।

फैशन वर्ल्ड हर किसी के लिए कुछ न कुछ है और कई बार हम अपने बॉडी शेप को लेकर जब परेशान होते हैं, तब एक अच्छी सी ड्रेस हमारे मूड को चियर अप कर देती है। ऑवरग्लास बॉडी शेप वाली महिलाओं को हमेशा इस बात की शिकायत होती है कि वह अपने बॉडी शेप के कारण वेस्टर्न आउटफिट्स नहीं पहन पाती हैं, क्योंकि उनकी लोअर बॉडी चौड़ी नजर आती है। ऐसे में एक्स-लाइन ड्रेस आप यदि पहनती हैं, तो आपकी बॉडी शेप में नजर आएगी।



### एक्स-लाइन ड्रेस लेते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

आपको हॉल्टर नेकलाइन और क्रिस क्रॉस नेकलाइन तो बहुत सारे आउटफिट्स में मिल जाएंगी। मगर जो ड्रेस आपके शोल्डर्स को डिफाइन करे और बॉटम पार्ट के उभरेपन को छुपाए, उसे ही एक्स-लाइन स्टाइल कहते हैं। तो आउटफिट खरीदते वक्त इस बात का ध्यान जरूर रखें।